

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 314

ग्वालियर, बुधवार 03 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## अमेरिका ने नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा की तैयारी तेज की, तैनात की सबमरीन मिसाइल

**टोक्यो।** ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से चीन आग बबूला है उसने अमेरिका जंग तक की धमकी तक दे दी। लेकिन अमेरिका इससे बेअसर है और देश की संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के लिए अपनी तैयारी तेज कर दी है। अमेरिकी नौसेना अपने महाविनाशक एयरक्राफ्ट कैरियर और विशाल प्लेन को ताइवान की सीमा के पास तैनात कर रही है। नैंसी पेलोसी की यात्रा की अभी अमेरिका की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वहीं ताइवान की मीडिया ने दावा किया है कि नैंसी पेलोसी मंगलवार की शाम को राजधानी ताइपे पहुंच सकती हैं। इस बीच चीन ने एक बार से चेतावनी दी है। जापानी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले अमेरिकी सेना ने नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा का विरोध किया था लेकिन ऐसा लग रहा है कि वह अब नैंसी पेलोसी के विमान के लिए एक बफर जोन बना रही है। पेलोसी अगर ताइवान जाने का विवादित फैसला करती हैं तो यह बफर जोन बहुत जरूरी है। चीन ने धमकी दी है कि नैंसी पेलोसी अगर ताइवान जाती हैं तो उसकी सेना चुप नहीं बैठेगी। चीन के सरकारी



मीडिया ने धमकी दी है कि पीएलए के फाइटर जेट कार्रवाई करेंगे। चीन की कार्रवाई की धमकी से पूरे पूर्वी एशिया में बहुत तेजी से तनाव काफी बढ़ गया है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की इच्छा के वपिरीत है। बाइडेन चीन के सामानों पर लगे कुछ टैरिफ घटाना चाहते हैं ताकि महंगाई को काबू में किया जा सके, वहीं चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने तीसरे कार्यकाल के लिए घरेलू मोर्चे पर कड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं। ताइवान के एक रिपोर्टर ने दावा किया है कि नैंसी पेलोसी मंगलवार शाम को ताइपे पहुंच सकती हैं। नैंसी पेलोसी और उनके साथ सांसदों का एक दल सोमवार को सिंगापुर पहुंचा है। नैंसी पेलोसी एक सैन्य वमिान सी-40 से वॉशिंगटन से रवाना हुई हैं। इस बीच सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी करके कहा कि पेलोसी ने प्रधानमंत्री ली हसिइन लूंग से मुलाकात की है। पेलोसी का मलेशिया, जापान और साउथ कोरिया जाने का कार्यक्रम है। उन्होंने अभी तक अपनी ताइवान यात्रा के बारे में कुछ भी नहीं कहा है। अमेरिका ने महाविनाशक परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस रोनाल्ड रीगन, जापान के ओकिनावा के पास तैनात एसॉल्ट शिप यूएसएस त्रिपोली और यूएसएस अमेरिका को जापान के सासेबो में तैनात किया है।

## मुझे उन अलमारियों को खोलने की इजाजत नहीं थी, जहां सारा पैसा रखा गया : अर्पिता मुखर्जी

### उनके आवास में कई डुप्लिकेट चाबियां

**कोलकाता।** करोड़ों रुपये के पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) भर्ती अनियमितताओं के घोटाले की मुख्य आरोपियों में से एक अर्पिता मुखर्जी ने दावा किया कि उनके दो आवासों से भारी मात्रा में जो नकदी बरामद की गई, वह उनकी



गैरमौजूदगी में और उनकी जानकारी के बिना जमा किए जाते थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नियमित जांच के लिए ईएसआई अस्पताल लाए जाने के दौरान मुखर्जी ने कहा, वसूली की गई राशि मेरी अनुपस्थिति में और मेरी जानकारी के बिना फ्लैटों में खड़ी थी। बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को भी इसी उद्देश्य से मंगलवार सुबह अस्पताल लाया गया था। अर्पिता मुखर्जी ने 20 जुलाई को ईडी के अधिकारियों को सूचित किया था कि कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में बेलघरिया में उनके आवास में कई डुप्लिकेट चाबियां थीं, जिसका उपयोग उनकी अनुपस्थिति में कई अन्य लोग किया करते थे। उन्होंने दावा किया कि उनके पास उस अलमारी को खोलने की अनुमति नहीं थी, जहां नकदी का स्टॉक था और यहां तक कि ये फ्लैट आधिकारिक तौर पर उनके नाम पर होने के बावजूद उन कमरों में जाने की उन्हें अनुमति नहीं थी, जहां अवैध धन रखे गए थे। इस बीच अर्पिता के बयानों पर सियासी कीचड़ उछाला जाने लगा है। बंगाल भाजपा प्रवक्ता शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि अपराध के पैटर्न से यह स्पष्ट है कि अर्पिता के लिए इतने बड़े पैमाने पर वित्तीय गबन का आयोजन करना संभव नहीं था। उन्होंने कहा, घोटाले में अर्पिता की जो भी भूमिका है, वह सिर्फ एक मोहरे की है। इसी तरह, पार्थ चटर्जी घोटाले में शामिल अकेले नहीं थे। इसी तरह, माकपा केंद्रीय समिति के सदस्य सुजान चक्रवर्ती ने कहा कि शुरू से ही हम कह रहे थे कि अर्पिता मुखर्जी के स्वामित्व वाले फ्लैटों का इस्तेमाल अपराध की आय के लिए पार्किंग स्लॉट के रूप में किया जाता था।

## सोनिया गांधी और राहुल से पूछताछ के बाद ईडी ने नेशनल हेरल्ड के दफ्तर पर मारा छापा





**नई दिल्ली।** नेशनल हेरल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह-सुबह नई दिल्ली स्थित नेशनल हेरल्ड के ऑफिस पर छापा मारा है। ईडी के अफसर सूक्ष्मता से छानबीन में जुट गए हैं। इससे पहले ईडी की टीम ने मनीलॉन्ड्रिंग केस में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी से पूछताछ की थी। उनसे पूछताछ के बाद ईडी के अफसरों ने छापा मारा है। नेशनल हेरल्ड केस में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के बाद अटकलें लगाई जा रही थीं ईडी अब केस दर्ज कर सकती है। ईडी के छापे के बीच राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट लिख मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा तानाशाह के हर फरमान से, जनता की आवाज़ दबाने की हर कोशिश से, हमें लड़ना है। आपके लिए, मैं और कांग्रेस पार्टी लड़ते आ रहे हैं, और आगे भी लड़ेंगे।

राहुल गांधी ने आगे लिखा है कि केंद्र सरकार चाहती है आप बिना सवाल किए तानाशाह की हर बात को स्वीकार कर लें। मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूं, इनसे डरने की और तानाशाही सहने की ज़रुरत नहीं है। ये वास्तव डरपोक हैं, वे आपकी ताकत और एकता से डरते हैं, इसलिए उसपर लगातार हमला कर रहे हैं। अगर आप एकजुट होकर इनका सामना करेंगे, तो ये डर जाएंगे। राहुल ने लिखा मेरा आपसे वादा है, न हम डरेंगे और न इन्हें डराने देंगे।

नेशनल हेरल्ड केस में सोनिया और राहुल गांधी दोनों ही आरोपी हैं। दोनों नेताओं पर सेक्शन 120 (बी) और 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस समय जमानत पर हैं। इससे पहले तीन दिन की पूछताछ में ईडी ने सोनिया से 100 से ज्यादा सवाल पूछे थे। ईडी ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कैसे यंग इंडियन ने एसोसिएटेड जनरल लिमिटेड (एजेएल) और उसकी संपत्तियों का अधिग्रहण किया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इसकी दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, भोपाल और चंडीगढ़ की कई संपत्तियों को रियायती दर पर बेचने की इजाजत दे दी थी। एक निचली अदालत द्वारा यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आयकर विभाग की जांच का संज्ञान लेने के बाद एजेंसी ने पीएमएलए के आपराधिक प्रावधानों के तहत एक नया मामला दर्ज किया था। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने इस संबंध में 2012 में एक शिकायत दर्ज कराई थी। केस दर्ज होने के दो साल बाद जून 2014 में अदालत ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी किया। इसी साल अगस्त महीने में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने संज्ञान लिया और मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया।

## खास खबर

### पाकिस्तानी सेना के हेलीकॉप्टर के बलूचिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान में बाढ़ राहत अभियान में तैनात पाकिस्तानी सेना के हेलीकॉप्टर का हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क टूट गया है, इसकारण उसके दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका है। इस हेलीकॉप्टर में 12 कोर के एक शीर्ष कमांडर सहित सेना के छह वरिष्ठ अधिकारी सवार थे। पाकिस्तान के सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा के महानिदेशक मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने ट्वीट किया, बलूचिस्तान के लासबेला में बाढ़ राहत कार्यों में तैनात पाकिस्तान के सैन्य विमानन के एक हेलीकॉप्टर का एटीसी से संपर्क टूट गया। बलूचिस्तान में बाढ़ राहत कार्यों की निगरानी कर रहे 12 कोर के कमांडर सहित छह लोग उसमें सवार थे। तलाश अभियान अभी जारी है। सेना ने हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की अभी पुष्टि नहीं की है। उसने केवल इतना बताया है कि हेलीकॉप्टर लापता हो गया है। वहीं पुलिस सूत्र ने बताया कि हेलीकॉप्टर लासबेला के एक पहाड़ी क्षेत्र में सस्सी पन्नू नामक स्थान के पास स्पष्ट रूप से दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

### पुलिस कांस्टेबल की नाक, कान और होंठ काट, वजह जानकार होंगे हैरान

**लाहौर।** पाकिस्तान में एक व्यक्ति ने पत्नी को ब्लैकमेल कर अवैध संबंध बनाने के लिए मजबूर करने के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल की नाक, कान और होंठ काट दिए। पुलिस ने कहा कि लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर झांग जिले में मुख्य आरोपी मुहम्मद इफ्तिखार और उसके साथियों ने कांस्टेबल कासिम हयात को पहले गंभीर यातनाएं दीं, फिर उसकी नाक, कान और होठ को काट दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा, इफ्तिखार को संदेह था कि हयात का उसकी पत्नी के साथ संबंध है। इसके बाद उसने अपने 12 साथियों के साथ मिलकर घर लौटते समय हयात का अपहरण कर सुनसान स्थान पर ले गए, जहां कासिम को गंभीर यातनाएं देकर धारदार हथियार से उसके शरीर के अंग काट दिए। कांस्टेबल को झांग के जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पिछले महीने, इफ्तिखार ने कांस्टेबल हयात के खिलाफ पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) की धारा 354 (महिला पर हमला), 384 (जबरन वसूली) और 292 (अश्लीलता) के तहत मामला दर्ज कराया था। इफ्तिखार ने दावा किया था कि हयात ने उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर पत्नी को अवैध संबंध बनाने के लिए मजबूर किया था।

### अदालत ने कोरोना जांच, बुनियादी ढांचों से जुड़ी सुनवाई बंद की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली में कोरोना से जुड़ी परिस्थितियों, जांच और बुनियादी ढांचे आदि से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई मंगलवार को रोक दी। मुख्य न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद की पीठ ने कहा, हम सुनवाई बंद कर रहे हैं और सभी पक्षकारों को कोई भी समस्या होने के स्थिति में अदालत आने की अनुमति भी देते हैं। उच्च न्यायालय ने 2021 में स्वत- संज्ञान लेकर कोरोना जांच और बुनियादी ढांचे के संबंध में वकील राकेश मल्होत्रा द्वारा 2020 में दायर याचिका का निपटारा कर दिया था। इस मामले पर विचार कर उच्च न्यायालय ने कहा कि वायरस फिर से अपना सिर उठा रहा है और महामारी ज्यादा गंभीर होती जा रही है और ''यह प्रत्यक्ष है कि फिलहाल स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा ध्वस्त होने की कगार पर है। मल्होत्रा ने 2020 में दायर याचिका में दिल्ली में कोविड जांच की संख्या बढ़ाने और जाचं रिपोर्ट जल्दी जारी करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। हालांकि बाद में सुनवाई के दौरान इसमें अन्य पहलू भी जुड़ते गए और अदालत ने इस पर भी नजर रखना शुरू कर दिया कि प्रशासन कोविड से कैसे निपट रहा है, खास तौर से अदालत ने पिछले साल कोविड की दूसरी लहर के दौरान इस पर पैनी नजर बनाए रखी।

### मोदी सरकार ने माना देश में चल रहे 2 हजार के नकली नोट

**नई दिल्ली।** क्या देश में नकली नोट चल रहे हैं? और वहां भी 2000 रुपये के नकली नोट? जी हां, यह बात सच है और खुद सरकार ने बताया है कि इनदिनों 2 हजार रुपये के नकली नोट बाजार में हैं। हालांकि सरकार ने कहा है कि फिलहाल नकली नोटों की संख्या काफी कम हो गई है। मोदी सरकार ने लोकसभा में पूछे सवाल के जवाब में नकली नोटों के बारे में जानकारी सदन में रखी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि पहले के मुकाबले अब बैंकिंग सिस्टम में 2 हजार रुपये के जाली नोटों की संख्या काफी कम हो गई है। मोदी सरकार के मुताबिक 2018 से 2020 के बीच इसतरह के नकली नोटों की संख्या में इजाफा देखने को मिला था। लेकिन अब इसमें गिरावट का रुख है। सरकार से भाजपा सांसद रंजनबेन धनंजय भट्ट नकली नोटों की संख्या और उससे निपटने के तरीकों के बारे में सवाल पूछा गया था।

## लालू को पटना हाईकोर्ट ने बड़ी राहत, जा सकते हैं किडनी ट्रांसप्लांट के लिए सिंगापुर

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को पटना हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। इस राहत के बाद वे अपना इलाज करवाने के लिए सिंगापुर जा सकते हैं। सीबीआई कोर्ट ने उन्हें सिंगापुर



जाने के लिए पासपोर्ट के नवीनीकरण की अनुमति दे दी है। सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश महेश कुमार ने अनुमति लालू यादव के वकील सुधीर कुमार सिन्हा के आवेदन पर दी है। उन्होंने लालू यादव का पासपोर्ट नवीकरण कराने की अनुमति के लिए कोर्ट में आवेदन दिया था। बता दें कि इससे पहले बीते 14 जून को लालू यादव को रांची की सीबीआई कोर्ट से विदेश जाने की अनुमति मिल चुकी थी। गौरतलब है कि लालू यादव पिछले एक साल से सिंगापुर के डॉक्टर के संपर्क हैं। पिछले साल नवंबर में भी इस बात की चर्चा हुई थी कि वे सिंगापुर में अपना किडनी ट्रांसप्लांट करा सकते हैं। लालू कई बीमारियों से जूझ रहे हैं, जिसमें सबसे बड़ी परेशानी उन्हें हुई टाइप-2 डायबिटीज और ब्लड प्रेशर है। उनका इलाज करने वाले दोनों सीनियर डॉक्टरों के अनुसार, लालू प्रसाद 15 बीमारियों से पीड़ित हैं। इसमें सबसे बड़ी चिंता उनकी अनियंत्रित डायबिटीज है, जो पूरी तरह इन्सुलिन पर निर्भर है। बता दें कि लालू हाल के दिनों में बेहद बीमार हैं।

## कभी टमाटर हुआ था सूर्ख लाल, अब कैड़ियों के दाम में बेचने को मजबूर किसान



**नई दिल्ली।** 70-80 रुपये प्रति किलोग्राम का भाव दिखा चुका टमाटर अब कौड़ियों के रेट में पहुंच चुका है। लागत के मुकाबले आधी आमदनी देख किसान गुस्?से से लाल हैं। इसके बाद किसान फसल कचरे में फेंक रहे हैं। दरअसल, अनुकूल मौसम से इस बार आंध्र प्रदेश के किसानों ने टमाटर का बंपर उत्?पादन किया है। इससे कीमतों में अचानक बड़ी गिरावट आ गई। मई तक 30 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिकने वाला टमाटर अभी मंडी में खुदरा 12 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है। हालांकि, बिचौलिये किसानों को सिर्फ 3 रुपये प्रति किलोग्राम का ऑफर दे रहे हैं। इससे उन्हें बड़ा नुकसान हो रहा और मजबूरन टमाटर फेंकने पड़ रहे। नंदीगामा स्थित किसान ने बताया कि इस साल टमाटर की मांग को देखकर उन्होंने 5 एकड़ की फसल लगाई थी, जिससे रोजना 60 किलोग्राम टमाटर निकल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रति किलोग्राम टमाटर की लागत 6 रुपये की आती है, लेकिन मंडी में उन्हें सिर्फ 3 रुपये का ऑफर दिया जा रहा है। इसके ऊपर से ट्रांसपोर्ट का भी खर्चा है। हमारी लागत के मुकाबले आधी भी कमाई नहीं हो रही। लिहाजा अब टमाटर को अपने मवेशियों को खिलाने का फैसला किया है। कई किसान मंडी में सही मूल्य नहीं मिलने की वजह से अपना टमाटर बेचने से भी इनकार कर विरोध के लिए इसे कचरे में फेंक रहे हैं। कुछ किसानों ने इस समस्या का हल पाने के लिए खुद ही स्टॉल लगाना शुरू कर दिया है। इससे वे अपने टमाटर सीधे उपभोक्ताओं को बेचकर इसकी अच्छी कीमत पा रहे हैं। हालांकि, ऐसा करके किसान कुल उपज का सिर्फ छोटा हिस्सा ही ग्राहकों को बेच पाएंगे। कृषि अधिकारियों का कहना है कि टमाटर की ऐसी हालत देख कई किसान फसल उगाना बंद कर रहे हैं, जिससे आने वाले समय में इसकी आवक कम होगी और कीमतों में फिर से उछाल दिखने लगेगा। उन्होंने कहा कि अक्तूबर से त्यौहारों का मौसम शुरू हो रहा है।

### झारखंड विधानसभा में जोरदार हंगामा, बीजेपी के 4 विधायक सस्पेंड

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में सदन की कार्यवाही के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने जमकर बवाल किया और हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग की। जिसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ ने चार भाजपा विधायकों को अभद्र व्यवहार के चलते 4 अगस्त तक के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया। भाजपा के निलंबित विधायकों में ढुल्लू महतो, जेपी भाई पटेल, रणधीर सिंह और भानु प्रताप शाही शामिल हैं। इन विधायकों के निलंबन के बावजूद सदन की कार्यवाही में गतिरोध जारी है। आपको बता दें कि मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को हावड़ा से गिरफ्तार किए गए 3 विधायकों को लेकर चर्चा हो रही थी।

## सन 2024 तक सड़क हादसों की संख्या आधी हो जाएगी: गडकरी

### सड़कों पर ब्लैक स्पाट खत्म करने पर केंद्र ने खर्च किए 25 हजार करोड़



**नई दिल्ली।** भारत में हर साल सड़क हादसों में डेढ़ लाख लोग जान गवांते हैं। केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दावा किया है कि 2024 के अंत तक देश में सड़क हादसों की संख्या आधी करने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने तय किया है। सरकार राजमार्गों से ब्लैक स्पॉट्स खत्म करने के लिए अब तक 25 हजार करोड़ खर्च कर चुकी है। इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा हर साल लगभग पांच लाख सड़क हादसों में 1।5 लाख लोगों की जान चली जाती है और तीन लाख से अधिक घायल होते हैं। गडकरी ने कहा 2024 के अंत तक दुर्घटनाओं और मौतों को 50 फीसदी तक कम करने की योजना सरकार ने बनाई है। सड़क हादसों में होने वाली कुल मौतों में भारत की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। वर्ल्ड बैंक द्वारा 2021 में जारी रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में सड़क हादसों में हुई मौतों में भारत की हिस्सेदारी 11 फीसदी है और भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा हादसे होते हैं।

## काबुल के सुरक्षित घर में छिपा था अल जवाहिरी, बालकनी दर्शन पड़ गया भारी, हुआ ढेर



**काबुल।** आतंक के पर्याय बन चुके वैश्विक दुर्दांत आतंकी अल जवाहिरी का खात्मा अमेरिकी ड्रोन धमाके में हो गया है। अमेरिका ने एक सीक्रेट मिशन चलाया और अफगानिस्तान के काबुल में अल जवाहिरी को ड्रोन स्ट्राइक में ढेर कर दिया। अल कायदा के चीफ अल जवाहिरी ने काबुल में शरण ले रखी थी। साल 2011 में ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद जवाहिरी ने इस आतंकी संगठन की कमान संभाली थी। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले बताया गया कि जवाहिरी काबुल में सुरक्षित घर में छिपा था। रविवार सुबह जैसे ही वो बालकनी में आया तो ड्रोन स्ट्राइक में मारा गया। जवाहिरी को मारने के लिए हेलफायर मिसाइल का इस्तेमाल किया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जवाहिरी की मौत की पुष्टि की। जवाहिरी की मौत के बाद बाइडेन ने कहा, %अब न्याय हो गया है और आतंकी नेता अब नहीं रहा।% बाइडेन ने आगे कहा कि इसमें कितना भी समय लगे, चाहे आप कहीं भी छिप जाएं, अगर आप हमारे लोगों के लिए खतरा हैं, तो अमेरिका आपको ढूंढेगा और आपको बाहर निकालेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने काबुल शहर में सटीक हमले में कोई भी नागरिक नहीं मारा गया। अल जवाहिरी का जन्?म मिस्र के गिजा शहर में हुआ था। वह पेशे से एक नेत्र सर्जन था। जवाहिरी के दादा, रबिया अल-जवाहिरी, काहिरा में अल-अजहर विश्वविद्यालय में इमाम थे। जवाहिरी के परदादा अब्देल रहमान आजम अरब लीग के पहले सचिव थे। एक संपन्?न परिवार में जन्?मे जवाहिरी की ओसामा बिन लादेन की मुलाकात सऊदी में हुई थी। लादेन की मौत के बाद विश्व के बड़े आतंकियों में जवाहिरी का नाम गिना जाने लगा। उससे सिर पर 25 मिलियन डालर का इनाम रखा गया था। काबुल में तालिबान प्रशासन के तीन प्रवक्ताओं ने जवाहिरी की मौत पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने पहले पुष्टि की थी कि रविवार को काबुल में एक हमला हुआ था। उन्होंने इसकी कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का उल्लंघन बताया है। वहीं, गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि शहर के एक महंगे रिहायशी इलाके शेरपुर में एक घर रॉकेट की चपेट में आ गया।

## न्यूज़ ट्रैक....

### भारत-वेस्टइंडीज मैच के समय में बदलाव, रात 9.30 बजे शुरू होगा

**सेंट किट्स** । भारत और मेजबान वेस्टइंडीज के बीच आज होने वाले तीसरे टी20 मैच का समय बदल गया है। अभी यह सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। दोनों टीमों के बीच सीरीज का यह तीसरा मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होना था, मगर अब यह मैच रात 9.30 बजे शुरू होगा। इस मुकाबले के लिए आधा घंटा पहले यानी 9 बजे टॉस कराया जाएगा। इसकी जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने दी है। यह मुकाबला वेस्टइंडीज के ही सेंट किट्स और नेविस में खेला जाएगा। इससे पहले सोमवार को खेले गए सीरीज के दूसरे मैच का भी समय बदला गया था।

### इंग्लैंड ने जर्मनी को हराकर यूरोपीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप जीती

**लंदन** । इंग्लैंड यूरोपीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में विजेता बनी है। इंग्लैंड ने अतिरिक्त समय तक चले मैच में जर्मनी को 2-1 से हराकर यह खिताब अपने नाम किया है। उसके यह खिताब अतिरिक्त समय में मिला। इंग्लैंड की ओर से चोले केली ने 110वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को जीत दिलायी। केली के मैदान में उतरने के पहले इंग्लैंड की टीम को जर्मनी की खिलाड़ियों से मुकाबले में संघर्ष करना पड़ा रहा था। मैच में दोनो ही टीमें तय समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं। इंग्लैंड की ओर से इला टूने ने 62वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। वहीं इसके बाद जर्मनी की ओर से लिना मागुल ने 79वें मिनट में एक गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। तय समय तक परिणाम न निकले पर मैच का फैसला अतिरिक्त समय में हुआ।

### कोहनी के इलाज के लिए अभी इंग्लैंड में ही रहेंगे संकेत

**बर्मिंघम** । बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक भारोत्तोलक संकेत महादेव सरगर अभी इलाज के लिए इंग्लैंड में ही रहेंगे। टीम प्रबंधन के अनुसार संकेत को वजन उठाने के दौरान कोहनी में चोट लग गयी थी जिसका इलाज अभी वह यहीं रहकर करायेंगे क्योंकि यहां बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। संकेत जब पदक वितरण समारोह में आए थे तब भी उनके उनके दाहिने हाथ में पट्टियां बंधी थी। टीम प्रबंधन के अनुसार ऐसे में दो ही रास्ते थे। पहला ये कि वह स्वदेश लौटकर इलाज करायें यह फिर यहीं रहकर इलाज करवायें। उनकी चोट को देखते हुए शुरुआती परीक्षण के बाद यह सामने आया कि इंग्लैंड में रहकर इलाज कराना ही बेहतर रहेगा। इसके लिए कोहनी से जुड़े विशेषज्ञ से संपर्क किया गया है। सरकार ने उनके इलाज के लिए अपनी सहमति भी दे दी है।

### राष्ट्रमण्डल खेलों के दौरान साइक्लिंग ट्रैक पर हुआ हादसा

**बर्मिंघम** । यहां बर्मिंघम में हो रहे 22 वें राष्ट्रमण्डल खेलों के दौरान हुए एक हादसे में तीन साइक्लिस्ट घायल हुए हैं। इन खेलों में पुरुषों की 15 किमी स्क्रैच साइक्लिंग इवेंट के दौरान इंग्लैंड के साइक्लिस्ट मैट वॉल्स और कनाडा के डेरेक जी संतुलन बिगड़ने से दर्शकों से टकरा गये। अचानक हुए इस हादसे से दर्शकों में अफरा-तफरी मच गयी। इस हादसे के बाद वॉल्स के अलावा मैथ्यू बोस्टॉक, डेरेक जी और बोस्टॉक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया हालांकि बाद में इन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

# राष्ट्रमण्डल खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम का मुकाबला इंग्लैंड से

**बर्मिंघम** । यहां राष्ट्रमण्डल खेलों में मंगलवार को भारत और इंग्लैंड की महिला हॉकी टीमों के बीच मुकाबला होगा। भारतीय टीम ने ग्रुप ए में अब तक अपने दोनो मैच घाना और वेल्स के खिलाफ जीते हैं पर उसका प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। ऐसे में उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पेनाल्टी कोर्नर को गोल में बदलना होगा। पिछले दोनो ही मैच में भारतीय टीम अपने पेनाल्टी कोर्नर को गोल में नहीं बदल पायी थी।

इंग्लैंड ने ही 2018 में गोल्ड कोस्ट में पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को पदक से वंचित कर दिया था। भारत तब कांस्य पदक के मैच में 0-6 से हार गया था।

भारतीय टीम इस बार हिसाब बराबर करने के इरादे से उतरेंगी। भारतीय टीम के लिए यह इतना भी आसान नहीं रहेगा। इसका कारण है कि इंग्लैंड की विश्व रैंकिंग भारत से ऊपर है। इसके अलावा इंग्लैंड ने हाल ही में स्पेन और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विश्व कप में इंग्लैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया था। भारतीय टीम की कप्तान सविता ने कहा, 'इंग्लैंड एक अच्छी टीम है यहां उन्हें घरेलू हालात में खेलने का फायदा भी है। ऐसे में यह हमारे लिए एक चुनौतीपूर्ण मैच होगा पर हम भी शुरुआती दो मैच में जीत के बाद अच्छी फॉर्म में हैं।%

उन्होंने कहा, 'हमने हाल के दिनों में इंग्लैंड के साथ खेला है इसलिए दोनों टीम एक-दूसरे के खेल को अच्छी तरह से जानती हैं। उन्होंने हमारे खिलाफ कुछ बड़े मैच भी जीते हैं इसलिए वे एक मजबूत टीम हैं पर हमने अपनी तैयारी की है और यह उस दिन बेसिक्स सही रखने पर निर्भर करेगा।% सविता ने कहा, 'यह प्रतियोगिता में एक महत्वपूर्ण मुकाबला है और हम अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



लंदन में महिला यूरो कप फुटबॉल के फाइनल में खेलती हुई जर्मनी और इंग्लैंड की खिलाड़ी।

## ऑस्ट्रेलियाई तैराक एम्मा राष्ट्रमंडल खेलों सबसे ज्यादा स्वर्ण जीतने वाली खिलाड़ी बनी

**बर्मिंघम** । ऑस्ट्रेलिया की एम्मा मैककॉन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में स्वर्ण पदक जीता है। एम्मा अब राष्ट्रमंडल खेलों में सबसे ज्यादा 11 स्वर्ण अपने नाम करने वाली खिलाड़ी बनी हैं। इसी के साथ ही एम्मा ने साथी ऑस्ट्रेलियाई तैराकों इयान थोर्प, सूसी ओनील और लीसेल जोन्स के राष्ट्रमंडल खेलों में जीते गए सबसे ज्यादा स्वर्ण पदकों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। एम्मा ने इससे पहले हुए ग्लास्गो और गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमण्डल खेलों में भी स्वर्ण पदक जीते थे। इस महिला खिलाड़ी का बर्मिंघम खेलों में यह तीसरा स्वर्ण है। इससे पहले उसने 4 गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 4 गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले में भी स्वर्ण अपने नाम किया था। उसके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल के तीनों पदक अपने नाम किये थे। मैककॉन ने 23.99 सेकंड में यह दूरी हासिल की। वहीं उसकी साथी मेग हैरिस ने रजत और शायना जैक ने कांस्य पदक पर कब्जा किया।

## राष्ट्रमण्डल खेलों में आज भारत के मुकाबले

राष्ट्रमण्डल खेलों में मंगलवार को पांचवे दिन होने वाले इन खेलों में भारतीय खिलाड़ी उतरेंगे।

**एथलैटिक्स**

अविनाश सेबल : पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़
मुरली श्रीशंकर : पुरुषों की लंबी कूद
मोहम्मद अनीस याहिया : पुरुषों की लंबी कूद
धनलक्ष्मी सेकर :महिलाओं की 100 मीटर दौड़
ज्योति याराजी : महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़
मनप्रीत कौर : महिला वर्ग में शॉट पुट
नवजीत कौर ढिल्लों : महिला वर्ग में डिस्कस थ्रो
हॉकी (महिला):भारत और इंग्लैंड

**भारोत्तोलन**

उषा कुमार : महिला वर्ग में 87 किग्रा
पूर्णिमा पांडे : महिला वर्ग में 87 किग्रा से अधिक
विकास ठाकुर: पुरुष वर्ग 96 किग्रा
रागला वेंकट राहुल : पुरुष वर्ग में 96 किग्रा

## वेटरंस टेबल टेनिस स्पर्धा
## प्रमोद, किशोर, संतोष, रूबी राज्य विजेता

**इन्दौर** । मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी द्वारा स्थानीय अभय प्रशाल में आयोजित की गई किशनचंद मंघनानी स्मृति मास्टर्स म.प्र. राज्य टेबल टेनिस चैम्पियशिप में प्रमोद सोनी, किशोर मोटवानी, संतोष खिरवड़कर तथा रूबी कौर ने अपने-अपने वर्गों में राज्य विजेता होने का गौरव अर्जित किया। फायनल मुकाबलो में पुरूष 60+ में प्रमोद सोनी ने आई.जी. पुरोहित (दोनो इन्दौर) को 3-0 से, पुरूष 50+ में किशोर मोटवानी (इन्दौर) ने संतोष खिरव?कर (भोपाल) को 3-1 से, पुरूष 40+ में संतोष खिडवलकर ने सुधीर केसरवानी (दोनो भोपाल) को 3-1 से, महिला एकल वर्ग में रूबी कौर (भोपाल) ने नीता वैष्णव (इन्दौर) को 3-1 से हराया। वही पुरूष युगल वर्ग में किशोर मोटवानी - संजय मेहता ने मनोज शर्मा - विशाल जोशी (सभी इन्दौर) की जोडी को 3-1 से हराकर खिताबी सफलता अर्जित की। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण नगर निगम के अपर आयुक्त वीरभद्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य, संजीव मंघनानी की अध्यक्षता तथा मध्य प्रदेश आलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के विशेष आतिथ्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन




के महासचिव जयेश आचार्य, म.प्र वेटरंस कमेटी के अध्यक्ष मधुर शर्मा, सचिव गौरव पटेल तथा इन्दौर जिला टेबल टेनिस संगठन के सचिव नीलेश वेद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत नरेन्द्र शर्मा, योगेन्द्र सिंह चौहान, धरम बंजारा आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन आर.सी. मौर्य ने किया तथा राजेन्द्र तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

## 36वें राष्ट्रीय खेल अगले माह शुरु होंगे

**अहमदाबाद** । 36वें राष्ट्रीय खेल 27 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच राज्य में होंगे। गुजरात में पहली बार इन खेलों का आयोजन हो रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा ,'' गुजरात में 36वें राष्ट्रीय खेल 27 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच खेले जाएंगे। मैं भारतीय ओलंपिक संघ का आभारी हूं जिसने इन खेलों की मेजबानी की पेशकश स्वीकार की है।'' उन्होंने कहा कि गुजरात के पास इन खेलों की मेजबानी के लिये एक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा उपलब्ध है और प्रदेश प्रशासन इन्हें सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय खेल बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेगा। वहीं प्रदेश के खेलमंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि गुजरात के छह शहरों अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, वडोदरा , राजकोट और भावनगर मे इन खेलों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा ,'' देश के 7000 से अधिक शीर्ष खिलाड़ी 34 इंडोर और आउटडोर खेलों में पदक के लिये इन खेलों में उतरेंगे ।'' पिछले दो साल से कोरोना संक्रमण के कारण इन खेलों का आयोजन नहीं हुआ था।

## साइप्रस के क्लब से खेलेगी भारतीय फुटबॉलर

**नई दिल्ली** । भारत की महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण यूएफा चैम्पियंस लीग में अच्छे प्रदर्शन के लिए तैयार है। इस लीग में खेलने जा रही वह भारत की पहली महिला फुटबॉलर हैं। स्ट्राइकर मनीषा ने हाल ही में साइप्रस के क्लब अपोलोन लेडीज एफसी से करार किया है यह क्लब यूएफा महिला चैम्पियंस लीग के क्वालीफिकेशन मुकाबले में खेलेगा। मनीषा ने पिछले साल ब्राजील के खिलाफ उसी की धरती पर गोल कर सबका ध्यान खींचा था। मनीषा ने कहा, ''चैम्पियंस लीग जैसे टूर्नामेंट में खेलने का सपना हर खिलाड़ी देखता है और इसमें खेलने का असर मिलना हमेशा ही फायदेमंद रहता है। इसमें मिले अनुभवी का लाभ हमेशा मिलेगा , इसलिए मैं अपनी ओर से चैम्पियंस लीग में खेलने और अपनी टीम की सहायता करने के लिये पूरी तरह से तैयार हूं। '' मनीषा के अलावा भारत की ही विंगर डांगमेई ग्रेस भी उज्बेकिस्तान के नासफ एफसी से खेलने जा रही हैं। इससे उत्साहित मनीषा का कहना है कि आने वाले समय में कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी विदेशी क्लबों से खेलेंगी।

## व्यापार न्यूज

### अशोक लेलैंड की बिक्री जुलाई में 58 प्रतिशत बढ़ी

**मुंबई** । वाणिज्यिक वाहन कंपनी अशोक लेलैंड की निर्यात सहित कुल वाहन बिक्री जुलाई, 2022 में सालाना आधार पर 58 प्रतिशत बढ़कर 13,625 इकाई पहुंच गई है। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने कुल 8,650 वाहनों की ब्रिकी की थी। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने (ट्रक और बस समेत) मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों (एमएंडएचसीवी) की बिक्री 113 प्रतिशत बढ़कर 8,148 इकाई रही। जुलाई, 2021 में कंपनी ने 3,822 इकाइयां बेची थीं। कंपनी ने बताया कि हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) खंड की बिक्री भी पिछले माह 13 प्रतिशत बढ़कर 5,477 इकाई रही। एक साल पहले जुलाई माह में यह 4,828 इकाई रही थी। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में उसकी कुल बिक्री 56 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 12,715 इकाई पर पहुंच गई, जो जुलाई, 2021 में 8,129 इकाई रही थी।

### टाटा मोटर्स की कुल बिक्री जूलाई में 51.12 प्रतिशत बढ़कर 81,790 इकाई पर

**मुंबई** । टाटा मोटर्स की कुल बिक्री जुलाई, 2022 में सालाना आधार पर 51.12 प्रतिशत बढ़कर 81,790 इकाई हो गई। कंपनी ने कहा कि यात्री वाहनों की मजबूत मांग से बिक्री बढ़ी है। टाटा मोटर्स ने जुलाई, 2021 में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कुल 54,119 इकाइयां बेची थीं। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने उसकी कुल घरेलू बिक्री 52 प्रतिशत बढ़कर 78,978 इकाई हो गई। कंपनी ने जुलाई, 2021 में 51,981 इकाइयों की बिक्री की थी। वहीं आलोच्य अवधि में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 57 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 47,505 इकाई पर पहुंच गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 30,185 इकाई रही थी। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने उसने 4,022 यात्री इलेक्ट्रिक वाहन की ब्रिकी की हैं। पिछले साल जुलाई माह में यह आंकड़ा 604 इकाई का रहा था। टाटा मोटर्स ने कहा कि घरेलू बाजार में उसकी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री जुलाई, 2022 में 31,473 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 21,796 इकाई थी।

### बजाज ऑटो दोपहिया वाहनों की बिक्री घटी

**मुंबई** । बजाज ऑटो ने बताया कि जुलाई 2022 में उसके दोपहिया वाहनों की बिक्री पांच प्रतिशत घटकर 3,15,054 इकाई रह गई। पुणे स्थित वाहन विनिर्माता ने पिछले साल जुलाई में कुल 3,30,569 दोपहिया वाहन बेचे थे। हालांकि इस दौरान घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 1,64,384 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 1,56,232 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन अवधि में निर्यात 14 प्रतिशत घटकर 1,50,670 इकाई रह गया।

### यस बैंक की 8900 करोड़ जुटाने की योजना

**नई दिल्ली** । यस बैंक ने प्राइवेट इक्विटी फंड कार्लाइन और एड्वेंट इंटरनेशनल से 1.1 एक अरब डॉलर (8900 करोड़ रुपए) जुटाने की योजना बनाई है। पिछले करीब 3 साल से फंड जुटाने की कोशिश के बाद यस बैंक को यह सफलता मिली है। ?शेयर बाजार के विशेषज्ञ का कहना है ?कि यस बैंक का ग्रोथ प्रोफाइल सुधरा है और कैपिटल यूटिलाइजेशन की स्थिति भी बेहतर हुई है। फंड जुटाने की योजना सफल होने के बाद यस बैंक की क्रेडिट रेटिंग में सुधार हो सकता है। यस बैंक द्वारा फंड जुटाने की योजना से बैंक के रिटर्न ऑन इक्विटी या कमाई पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है। यस बैंक में प्राइवेट इक्विटी कंपनियां निवेश कर रही हैं और इससे यस बैंक का बैलेंस शीट साफ सुथरा हो सकता है। ?विशेषज्ञ ने कहा कि यस बैंक सही दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

# विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों से शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले

**मुम्बई** । मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार की कमजोर शुरुआत देखकर निवेशक भी उससे दूर होने लगे। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों से भी बाजार में यह गिरावट आई है। सेंसेक्स सुबह गिरावट के साथ ही 58,049 पर खुला। वहीं निफ्टी भी नीचे आकर 17,310 पर खुला और कारोबार की शुरुआत हुई। बाजार में शुरुआती गिरावट देख




निवेशकों ने भी बिकवाली शुरु कर दी। इससे सुबह सेंसेक्स 150 अंकों के नुकसान के साथ 57,99 पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 50 अंक नीचे आकर 17,300 पर पहुंच गया।

निवेशकों ने आज सुबह से ही यूपीएल, इचर मोटर्स, हिंडाल्का, टाटा स्टील और ओएनजीसी जैसी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की जिससे ये नीचे आने लगे। वहीं दूसरी ओर आईटीसी, आईटीसी, एचयूएल, बीपीसीएल, एशियन पेंटस और पॉवर ग्रिड कंपनियों के शेयर ऊपर आये हैं। निफ्टी मिडकैप पर 0.2 फीसदी की गिरावट और निफ्टी स्मॉलकैप पर 0.1 फीसदी की गिरावट आई है।

कारोबार के दौरान सबसे ज्?यादा गिरावट मेटल इंडेक्स में दिखी। यह 1 फीसदी से भी ज्यादा गिरा है। वहीं एफएमसीजी और निफ्टी मीडिया के इंडेक?स में आज शुरुआत से ही बढ़त दिखी। आईटीसी के शेयरों में 33.9 फीसदी आई। इसके

## डॉलर के मुकाबले रुपए में बढ़त

**मुंबई** । अमेरकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपये की बढ़त के साथ शुरुआत हुई।



विदेशी कोषों के सतत प्रवाह के साथ ही प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने से सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ ही 78.94 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी रुपये को बल मिला है। दूसरी ओर अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 78.96 प्रति डॉलर पर बढ़त के साथ खुला। बाद में यह 12 पैसे के उछाल के साथ ही 78.94 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। गौरतलब है कि पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 79.06 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## वनप्लस एक नई स्मार्टवॉच जल्द ही पेश करेगी

**नई दिल्ली** । भारतीय बाजार में वनप्लस एक नई स्मार्टवॉच जल्द ही पेश की जाएगी। हालांकि इसके लॉन्चिंग को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस बीच टिपस्टर मुकुल शर्मा ने वनप्लस नॉर्ड स्मार्टवॉच को लेकर नई जानकारी साझा की है। टिपस्टर ने बताया कि डिवाइस में एक डेडिकेटेड एन हेल्थ ऐप होगा। नई वनप्लस वॉच में सर्कुलर डायल की जगह रेक्टेंगूलर डायल मिलेगा।

टिपस्टर द्वारा शेयर किए गए स्क्रीनशॉट से पता चलता है कि वॉच में राउंड कॉर्नर के साथ मेट का फ्रेम मिलेगा। वॉच में मेन्यू नैविगेट करने के लिए एक क्राउन बटन भी दिया गया है।इसके अलावा स्क्रीनशॉट में नॉर्ड वॉच में मिलने वाले छह वॉच फेस भी सामने आ गए हैं। वॉच में कस्टम डायल का भी फीचर मिलेगा, जिसकी मदद से यूजर कनेक्टेड डिवाइस में मौजूद किसी भी फोटो को वॉच फेस में कस्टामाइज कर सकते हैं।

स्क्रीनशॉट से पता चलता है कि वनप्लस नॉर्ड वॉच में स्टेप काउंटिंग फीचर और आउटडोर साइकलिंग और आउटडोर वॉकिंग जैसे फीचर्स भी मिलेंगे। इसके अतिरिक्त इसमें हेल्थ और फिटनेस को मॉनिटर करने के लिए भी इस वॉच में आपको कई जरूरी फीचर मिलेंगे। इसमें कंपनी एसपीओ2 और हार्ट रेट सेंसर के साथ स्लीप ट्रैकिंग मिल सकती है। वर्तमान में वनप्लस नॉर्ड वॉच की लॉन्च डेट के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है, लेकिन इसे बीआईएस से पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि इसे भारत में 2022 की तीसरी तिमाही में लॉन्च किया जा सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नोर्ड वॉच को 5,000 रुपये से 8,000 हजार रुपये के बीच के सेगमेंट में लॉन्च किया जा सकता है। वनप्लस नॉर्ड वॉच बीआईएस यानी ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स पर लिस्ट हो चुकी है।

## 7 दिनों चली 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी खत्म, सरकार के खाते मे आए 1.5 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली** । भारत में अब तक की सबसे बड़ी स्पेक्ट्रम नीलामी सोमवार को खत्म हुई। 7 दिनों तक चली नीलामी में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 5जी दूरसंचार स्पेक्ट्रम की रिकॉर्ड बिक्री हुई। इस नीलामी में जियो ने अपनी अग्रणी स्थिति को मजबूत करने के लिए सबसे अधिक बोली लगाई। सूत्रों ने कहा कि अनंतिम आंकड़ों के मुताबिक कुल 1,50,173 करोड़ रुपये की बोलियां लगाई गईं। अत्यधिक उच्च गति के मोबाइल इंटरनेट संपर्क की पेशकश करने में सक्षम 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी की यह राशि पिछले साल बिके 77,815 करोड़ रुपये के 4जी स्पेक्ट्रम से लगभग दोगुना है। यह राशि 2010 में 3जी नीलामी से मिले 50,968.37 करोड़ रुपये के मुकाबले तीन गुना है। रिलायंस जियो ने 4जी की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक तेज गति से संपर्क की पेशकश करने वाले रेडियो तरंगों के लिए सबसे अधिक




बोली लगाई। वहीं जियो के बाद भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का स्थान रहा। सूत्रों ने बताया कि अडाणी ग्रुप ने प्राइवेट टेलीकॉम नेटवर्क स्थापित करने के लिए 26 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा है। सूत्रों ने कहा कि किस कंपनी ने कितना स्पेक्ट्रम खरीदा, इसका ब्यौरा नीलामी के आंकड़ों के पूरी तरह आने के बाद ही पता चलेगा। मोदी सरकार ने 10 बैंड में स्पेक्ट्रम की पेशकश की थी, लेकिन 600 मेगाहर्ट्ज, 800 मेगाहर्ट्ज और 2300 मेगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम के लिए कोई बोली नहीं मिली। लगभग दो-तिहाई बोलियां 5जी बैंड (3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज) के लिए थीं, जबकि एक-चौथाई से अधिक मांग 700 मेगाहर्ट्ज बैंड में आई। यह बैंड पिछली दो नीलामियों (2016 और 2021) में बिना बिके रह गया था।

पिछले साल हुई नीलामी में जियो ने 57,122.65 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम लिया था। भारती एयरटेल ने लगभग 18,699 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी और वोडाफोन आइडिया ने 1,993.40 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम खरीदा था। इस साल कम से कम 4.3 लाख करोड़ रुपये के कुल 72 गीगाहर्ट्ज रेडियो तरंगों को बोली के लिए रखा गया था। गौरतलब है कि 5जी नया नेटवर्क है, जो पहले से कहीं ज्यादा तेज इंटरनेट स्पीड , अल्ट्रा लो-लेटेंसी ऑफर (बेहद कम रुकावट) करता है। इसमें यूजर को ज्यादा भरोसेमंद बड़ी नेटवर्क क्षमता मिलती है।

## न्यू मारुति सुजुकी अर्टिगा सात सीटों वाली शानदार कार

**नई दिल्ली** । एमपीवी सेगमेंट में ऑल न्यू मारुति सुजुकी अर्टिगा सात सीटों वाली शानदार कार है। आप भी अगर इन दिनों नई मारुति अर्टिगा खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं तो पहले यहां सभी वेरिएंट्स की कीमत और खासियत के साथ ही माइलेज देखे लें। इस 7 सीटर कार की माइलेज भी काफी शानदार है और इस वजह से हर महीने इसकी हजारों यूनिट बिकती है। 2022 मारुति सुजुकी अर्टिगा मार्केट में एलएक्सआई, वीएक्सआई, झेडएक्सआई और झेडएक्सआई+ जैसे 4 ट्रिम लेवल के कुल 9 वेरिएंट में उपलब्ध है। इन वेरियंट्स की कीमतें 8.35 लाख रुपये से लेकर 12.79 लाख रुपये (एक्स शोरूम) तक है। मारुति अर्टिगा में 1462 सीसी तक का इंजन लगा है, जो कि 101.65 बीएचपी तक की पावर जेनरेट करने में सक्षम है। नई मारुति अर्टिगा के सभी वेरिएंट की कीमतों की बात करें तो बेस मॉडल सुजुकी अर्टिगा एलएक्सआई मैनुअल पेट्रोल की कीमत 8.35 लाख रुपये है और इसके बादसुजुकी अर्टिगा वीएक्सआई सीएनजी वेरिएंट आप 10.44 लाख रुपये में खरीद सकते हैं। वहीं, सुजुकी अर्टिगा जेडएक्सआई मैनुअल पेट्रोल वेरिएंट की कीमत 10.59 लाख रुपये है और अगर आपसुजुकी अर्टिगा वीएक्सआई ऑटोमैटिक वेरिएंट खरीदना चाहते हैं तो इसकी कीमत 10.99 लाख रुपये है।सुजुकी अर्टिगा जेडएक्सआई प्लस मैनुअल पेट्रोल वेरिएंट की कीमत 11.29 लाख रुपये है और इसके बाद सुजुकी अर्टिगा जेडएक्सआई सीएनजी वेरिएंट की एक्स शोरूम प्राइस 11.54 लाख रुपये है। सुजुकी अर्टिगा जेडएक्सआई एटी वेरिएंट 12.09 लाख रुपये में खरीदा जा सकता है। वहीं, टॉप वेरिएंट सुजुकी अर्टिगा जेडएक्सआई प्लस एटी वेरिएंट खरीदने के लिए आपको 12.79 लाख रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

# अमृता राव ने शुरू किया काम



फिल्म विवाह से सुर्खियां बटोरने वाली अमृता राव को भला कौन नहीं जानता। उन्होंने कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज करायी है। भले ही शादी के बंधन में बंधने के बाद अमृता की फिल्मों में सक्रियता कम हुई। इसके बावजूद दर्शकों के दिलों पर वह अभी भी राज करती हैं। अमृता ने पिछले साल एक बेटे को जन्म दिया था। अब उन्होंने अपनी डिलीवरी के सात महीने बाद एक कमर्शियल प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू की है। अमृता अब अपना फोकस करियर पर देना चाहती हैं। खबरों की मानें तो इस कमर्शियल प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान काफी एहतियात बरता गया था। मेकर्स ने काफी कम क्रू-मेंबर्स के साथ विज्ञापन को शूट करने का निर्णय लिया था। अमृता ने इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पांच क्रूं-मेंबर्स की मौजूदगी में की है। यह अमृता के लिए काफी रोमांचकारी अनुभव रहा है। बताया जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान पूरी यूनिट ओटीटी किट में थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन पांच सदस्यों वाली क्रू-मेंबर्स का कोरोना वायरस टेस्ट करवाया गया था और सभी की जांच रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद ही इस प्रोजेक्ट को फिल्माया गया है। अमृता ने 1 नवंबर, 2020 को पैदा हुए अपने बेटे का नाम वीर रखा है। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने बेटे के नाम का खुलासा किया था। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, हेलो वर्ल्ड..हमारे बेटे वीर से मिलिए। आप सभी लोगों का आशीर्वाद चाहिए। अमृता ने अपने मां बनने के अनुभवों को भी साझा किया है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से एक कामकाजी मां बनना चाहती थी। मेरी मां ने यह मिसाल कायम किया है। मेरे जन्म लेने के बाद मां ने अपना करियर नहीं छोड़ा था। उन्होंने फैमिली और प्रोफेशनल लाइफ को बहुत ही खूबसूरती से बैलेंस किया था। मैं भी आने वाले दिनों में एक कामकाजी महिला के रूप में मिशाल पेश करना चाहती हूं। हालांकि, यह काम इतना आसान नहीं है। गौरतलब है कि 2009 में आरजे अनमोल ने अमृता का एक इंटरव्यू लिया था, जिसके बाद ही दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। करीब सात साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने 2016 में एक निजी समारोह में शादी कर ली।

## सोडा पीने की आदत कमजोर कर सकती है इम्युनिटी, जानिए कैसे

गर्मियों के मौसम में ज्यादातर लोग किसी अन्य ड्रिंक के मुकाबले सोडा पीना ज्यादा पसंद करते हैं. सोडा की लोकप्रियता को देखते हुए कई लोग डाइट सोडा पीते हैं क्योंकि उसमें शुगर की मात्रा बेहद कम



होती है. लेकिन शायद आपको जानकर हैरानी होगी कि सोडा आपके सेहत के लिए हानिकारक होता है. इसमें कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं जो शरीर के लिए हानिकारक हो सकते हैं. इसे रोजाना पीने से सिर्फ वजन नहीं बढ़ता है बल्कि हृदय और इम्यून सिस्टम भी प्रभावित होता है. सोडा में मुख्य रूप से चीनी का इस्तेमाल किया जाता है जो आपके इम्यून सिस्टम को कमजोर करने के लिए जाना जाता है. इम्युनिटी कमजोर होने पर बीमारियों से लड़ना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में संक्रमण का खतरा अधिक बढ़ जाता है. आइए जानते हैं कैसे सोडा पीने से इम्युनिटी पर प्रभाव पड़ता है.

### बैड बैक्टीरिया को बढ़ता है

350 मिली लीटर सोडा में 39 ग्राम चीनी होती है. इसका अधिक मात्रा में सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है. चीनी बैक्टीरिया और वायरस को बढ़ाने का काम करता है. साथ ही आपकी इम्यून सिस्टम को कमजोर करता है.

### संक्रमण को बढ़ाता है

सोडा पीने से संक्रमण का खतरा अधिक बढ़ता है, खासतौर पर टाइप 2 डाइबिटीज के मरीज जल्दी संक्रमित होते हैं. सोडे में मौजूद शुगर इम्यून सिस्टम को प्रभावित करता है. इम्यून सिस्टम में व्हाइट ब्लड सेल्स होते हैं जो संक्रमण से लड़ने में मदद करता है. इन्हें किलर ब्लड सेल्स भी कहा जाता है. बीमारियों से बचने के लिए टाइप -2 डायबिटीज के मरीजों को सोडे का सेवन नहीं करना चाहिए.

### टाइप -2 डायबिटीज को बढ़ाता है

रोजाना सोडा पीने से टाइप -2 डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है. रोजाना चीनी वाली चीजें पीने से इंसुलिन बढ़ता है. इससे टाइप -2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है. टाइप -2 डायबिटीज के खतरे को कम करने के लिए अनसैचुरेटेड फैट और सोडा का सेवन कम करें.

### सूजन बढ़ाता है

सोडा सिर्फ शरीर में सूजन ही नहीं बल्कि आपकी इम्यून सिस्टम को भी प्रभावित करता है. इसके अलावा जानलेवा बीमारियों के खतरें को बढ़ाता है. स्टडी में पाया गया कि जो लोग रोजाना सोडा पीते हैं उनके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक होती है, जो सूजन को बढ़ावा देता है।


# सफेद लिबास में इशिता दत्ता ने फ्लॉन्ट किया अपना हॉट फिगर



बॉलीवुड फिल्म दृश्यम में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी एक्ट्रेस इशिता दत्ता आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. एक्ट्रेस ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से बॉलीवुड में अपनी एक अलग जगह बनाई जहां अब उनकी कुछ हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. आइए एक नजर डालते हैं एक्ट्रेस की तस्वीरों पर. इशिता दत्ता फिल्म एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता की छोटी बहन हैं. इशिता दत्ता हाल ही में हमें द गर्ल ऑन द ट्रेन फिल्म में नजर आई थीं. सोशल मीडिया पर इस फिल्म की खूब चर्चा हुई थी. यह फिल्म पाउला हॉकिन्स के उपन्यास का हिंदी रूपांतरण है। द गर्ल ऑन द ट्रेन एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर थी, जिसे दर्शकों से काफी सराहना मिली। हाल ही में ईशिता ने ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. जो अब वायरल हो रही हैं. अपने हॉट फिगर का खासा ख्याल रखती हैं इशिता दत्ता. सफेद लिबास में कहर बरपा रही हैं एक्ट्रेस. एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. इशिता दत्ता का ये अंदाज है कातिलाना. इशिता दत्ता का बेबाक अंदाज उनके फैंस को खूब पसंद आता है. जहां वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपने विचारों को रखती हैं. एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. जमशेदपुर में जन्मी इशिता दत्ता व उनकी बड़ी बहन तनुश्री दत्ता सोनारी की रहने वाली है। वह कदमा स्थित डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल से स्कूली शिक्षा पूरी की। हाल ही में मीडिया को दिए एक साक्षात्कार में इशिता दत्ता ने कहा कि वह मजबूत और ग्लैमरस रोल करना चाहती है। उन्होंने कहा, मैं एक ग्लैमरस अवतार में दिखना चाहती है। लेकिन इस ग्लैमरस अवतार को संतुलित भी रखना चाहती हूं। अभी तक जो मुझे रोल मिले अधिकांश प्रोजेक्ट विनम्र, सरल, थोड़ी से बेचारी वाली रोल में दिखी।

# संजय लीला भंसाली की फिल्म में नजर आ सकती हैं नुसरत भरूचा

अभिनेत्री नुसरत भरूचा के पास इन दिनों फिल्मों की कमी नहीं है। उनके पास फिलहाल एक से बढ़कर एक फिल्में हैं। अब एक और फिल्म उनके खाते से जुड़ने जा रही है। सुनने में आ रहा है कि नुसरत अब बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अभिनय की पारी शुरू कर सकती हैं। अब यह खबर सुन उनके प्रशंसक बेशक फूले नहीं समाएंगे। आइए जानते हैं नुसरत और भंसाली की फिल्म को हवा कैसी मिली। नुसरत अब भंसाली के खेमे में शामिल हो सकती हैं। दरअसल, हाल ही में उन्हें भंसाली के जुहू स्थित ऑफिस के बाहर देखा गया। इसके बाद उनके साथ आने को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो



गई। उन्हें वहां देखने के बाद सोशल मीडिया पर प्रशंसक कयास लगाने लगे हैं कि नुसरत और भंसाली साथ काम करने वाले हैं। हालांकि, अभी इस पर भंसाली और नुसरत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

नुसरत ने फिल्म जय संतोषी मां से बॉलीवुड में कदम रखा था। 2011 में रिलीज हुई प्यार का पंचनामा बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। यह फिल्म उनके लिए फायदेमंद साबित हुई और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्यार का पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल में भी नुसरत ने बतौर लीड एक्ट्रेस काम किया। हाल ही में उन्हें फिल्म अजीब दास्तांस में देखा गया था। नुसरत आजकल फिल्म जनहित में जारी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म को लेकर वह इसलिए भी चर्चा में हैं क्योंकि इसमें वह एक बेहद बोल्ड भूमिका निभाने जा रही हैं।

## करीना कपूर खान के बॉयकॉट की उठी मांग



करीना कपूर खान को लेकर लोग गुस्से में हैं. ट्विटर पर करीना कपूर खान को बॉयकॉट करने की मांग उठी है. अब करीना को बॉयकॉट की मांग क्यों उठ रही है इसकी वजह है हाल ही में आई उनसे जुड़ी एक खबर. दरअसल, कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि करीना कपूर ने सीता का किरदार निभाने के लिए 12 करोड़ रुपये की मांग की है. अब इस खबर को पढ़ने के बाद यूजर्स काफी गुस्से में हैं और वे इस खबर के स्क्रीनशॉट्स को शेयर करते हुए करीना को बॉयकॉट की मांग कर रहे हैं. यूजर्स कमेंट कर रहे हैं कि करीना को अब सीता का किरदार नहीं निभाना चाहिए. ट्विटर पर हैशटैग बॉयकॉट करीना कपूर खान ट्रेंड हो रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के राइटर के वी विजेंद्र प्रसाद ने इन खबरों पर अपना रिएक्शन दिया था. उन्होंने इस खबर को गलत बताया था. उन्होंने कहा था कि करीना को फिल्म ऑफर नहीं हुई है. वहीं खबर ये भी थी कि करीना इस फिल्म के लिए परफेक्ट नहीं है तो ये खबर झूठी है. अब फिल्म के राइटर ने तो इस खबर को गलत बता दिया था, लेकिन यूजर्स इस बात को सुनकर काफी गुस्से में हैं और करीना पर भड़क रहे हैं. वैसे खबर ये बी है कि इस फिल्म में रावण के किरदार के लिए रणवीर सिंह को ऑफर किया गया है. हालांकि इस बारे में कोई ऑफिशयल कमेंट नहीं किया गया है. करीना के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आएंगी जिसमें उनके साथ आमिर खान लीड रोल में हैं।

# रणवीर और आलिया अभिनीत करण जौहर की अगली फिल्म का नाम होगा प्रेम कहानी



रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की जोड़ी को दर्शक काफी पसंद करते हैं। फिल्म गली बॉय की अपार सफलता के बाद रणवीर और आलिया को एक हिट जोड़ी का खिताब मिल चुका है। काफी समय से करण जौहर की आगामी रोमांटिक फिल्म को लेकर ये दोनों कलाकार चर्चा में हैं। अब इस फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो रणवीर और आलिया की इस रोमांटिक फिल्म का टाइटल प्रेम कहानी रखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर और आलिया करण की जिस रोमांटिक फिल्म को लेकर चर्चा में थे, उसका शीर्षक प्रेम कहानी रखा गया है। एक सूत्र ने कहा, मेकर्स काफी समय से फिल्म के लिए एक अच्छे शीर्षक की तलाश में थे। अब फिल्म का टाइटल प्रेम कहानी तय किया गया है। फिल्म एक प्रेम कहानी पर आधारित होगी, जिसमें दो विपरीत पात्रों की कहानी को पर्दे पर फिल्माने की कोशिश की जाएगी। सूत्र ने बाताया कि इस फिल्म में दर्शकों को पुराने करण की झलक मिलेगी। करण अपनी फिल्मों में रिश्तों और खुशियों की एक अच्छी कहानी बुनने के लिए जाने जाते हैं। फिल्म की तैयारी का काम जोर-सोर से शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि फिल्म की टीम ने पटकथा और डायलॉग को लिख कर पूरा कर लिया है। सूत्र ने बताया कि पहले फिल्म के क्रू-मेंबर्स का टीकाकरण कराया जाएगा, जिससे कि काम में बाधा न पहुंचे। सेट डिजाइनिंग और फिल्म के अन्य पहलुओं पर काम प्रगति पर है। फिल्म के लिए म्यूजिक सेटिंग का काम शुरू हो चुका है। रोमांटिक फिल्म को देखते हुए इसमें अच्छा संगीत देना होगा। इस फिल्म के साथ करण चार साल बाद निर्देशन के क्षेत्र में



वापसी करने वाले हैं। इससे पहले उन्होंने रणबीर कपूर, अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय अभिनीत फिल्म ऐ दिल है मुश्किल का निर्देशन किया था। यह भी एक रोमांटिक फिल्म थी। आलिया और रणवीर को करण की मल्टी स्टारर फिल्म तख्त में भी देखा जाने वाला था, जिस पर शायद अब काम रोक दिया गया है। इसके अलावा आलिया इस समय संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी, ब्रह्मास्त्र और दक्षिण भारतीय फिल्म ऋऋऋको लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं। रणवीर की आगामी फिल्मों की बात करें तो उन्हें जल्द ही कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म 83 में देखा जाएगा। वह सर्कस और जायेशभाई जोरदार में भी दिखेंगे।

# पर्दे खरीदते समय इन बातों का रखें विशेष ध्यान, घर लगेगा खूबसूरत



पर्दों की मदद से घर को खूबसूरत लुक मिलता है, हालांकि ऐसा तभी संभव है जब घर के लिए सही पर्दे चुने जाएं। आजकल बाजार में कई तरह के फैब्रिक, रंग, डिजाइन और पैटर्न में पर्दे उपलब्ध हैं और ऐसे में किस पर्दे का चयन किया जाए, इसका चयन करना थोड़ा उलझन भरा है। चलिए हम आपको बताते हैं कि पर्दे खरीदते समय आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि आप अपने घर के लिए परफेक्ट पर्दे खरीद सकें।

**सबसे पहले समझें कमरे की जरूरत:** अगर आप पर्दे खरीदने जा रहे हैं तो आपको सबसे पहले अपने घर के हर एक कमरे की जरूरत को समझना होगा। दरअसल, बाजार में कई तरह के पर्दे मिलते हैं और हर तरह के पर्दे का अपना एक उपयोग होता है, इसलिए कमरे के हिसाब से ही इनका चयन करना चाहिए। उदाहरण के लिए ड्रेप्स थिक मैटीरियल वाले पर्दे सूरज की रोशनी को घर के अंदर आने से रोकते हैं और ये शयनकक्ष के लिए परफेक्ट माने जाते हैं।

**फैब्रिक होना चाहिए सही:** पर्दों की खरीदारी करते समय उनकी फैब्रिक पर ध्यान देना भी बेहद जरूरी है। फैब्रिक चुनते समय आपको कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए, जैसे कि आप सूरज की रोशनी में कितनी स्ट्रीमिंग करना चाहते हैं। इसके अलावा कमरे की सजावट भी इसमें अहम है। उदाहरण के लिए हैवी फैब्रिक पर्दे ट्रेडिशनल कमरे के लिए अच्छा माना जाता है, जबकि शीयर फैब्रिक ज्यादातर मिनिमलिस्टिक कमरों के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं।

**पर्दों की लंबाई का भी रखें ख्याल:** अगर आप पर्दे खरीदने जा रहे हैं तो पहले उस जगह को नाप लें, जहां पर्दे लगाए जाने हैं। वैसे तो जमीन से लगते पर्दों को काफी पसंद किया जाता है, लेकिन फिर भी आप अपनी जरूरत के अनुसार पर्दों की लंबाई को चुन सकते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपके बच्चे हैं तो आप फर्श से एक-दो इंच ऊपर तक की लंबाई वाले पर्दे खरीद सकते हैं। इसी तरह छोटी खिड़कियों के लिए उनकी लंबाई के अनुसार पर्दे चुनें। पर्दों के रंग का ऐसे करें चयन: पर्दों के रंग की बात करें तो इनका रंग आदर्श रूप से बाकी सामान के हिसाब से होना चाहिए। आप ऐसे पर्दे चुन सकते हैं जिनका रंग कमरे की सजावट से मिलता हो या फिर जिनका रंग सामानों के रंग के बिल्कुल विपरीत हो।

## वीर सावरकर के बायोपिक के लिए आयुष्मान, राजकुमार और रणदीप के नाम की हो रही चर्चा



बॉलीवुड में स्वतंत्रता सेनानियों पर फिल्में बनती रही हैं. लोगों में इस तरह की फिल्मों को लेकर खास तरह का क्रेज भी देखा गया है. अब स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर पर बायोपिक बनने जा रही है. बायोपिक का नाम है- स्वातंर्त्यवीर सावरकर. इसमें लीड रोल के लिए एक्टर का चयन होना बाकी है. खबरों की मानें तो फिल्म निर्माता संदीप सिंह तीन नामों पर विचार कर रहे हैं. आयुष्मान खुराना, रणदीप हुड्डा और राजकुमार राव में से किसी एक को इस रोल के लिए चुना जाएगा. फिल्म के लिए तीनों ही एक्टर मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं. यह तीनों एक्टर कैरेक्टर में ढलने में माहिर हैं और फीजिकल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए तैयार रहते हैं. रणदीप हुड्डा ने फिल्म सरबजीत के लिए खुद में काफी बदलाव किया था. रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने तब सिर्फ 20 दिनों में 18 किलो वजन कम किया था. राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना भी अपने कैरेक्टर में ढलने के लिए कुछ इसी तरह की मेहनत और प्रयोग के लिए जाने जाते हैं.रिपोर्ट्स के अनुसार, आयुष्मान को वीर सावरकर के रोल के लिए सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। ऐसी खबरें हैं कि यह फिल्म अंडमान, लंदन और महाराष्ट्र में शूट की जाएगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक बना चुके निर्माता संदीप सिंह वीर सावरकर की बायोपिक बनाने के लिए तैयार हैं. उन्होंने 28 मई को अपने इंस्टा अकाउंट से फिल्म स्वातंर्त्यवीर सावरकर का पोस्टर भी शेयर किया था. बता दें कि संदीप ने वीर सावरकर की 138वीं जयंती पर उन पर फिल्म बनाने का ऐलान किया था।



## नए शीत युद्ध की आहट

यूक्रेन पर रूस के हमले के पांच महीने होने को हैं। अब यह स्पष्ट है कि युद्ध छिड़ने से पहले रूस के जो लक्ष्य थे, वे पूरे नहीं होंगे। संभवतः रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यह नहीं सोचा था कि यूक्रेन सरकार और जनता इतनी मजबूती से उनकी सेनाओं का मुकाबला करेगी और अमेरिका व नाटो देश उनकी हरसंभव मदद करेंगे। अब रूस के लक्ष्य सीमित रह गए हैं-पूर्वी यूक्रेन यानी डोनबास के इलाके पर पूर्ण कब्जे के साथ-साथ दक्षिण यूक्रेन में ओशकिव और काले सागर (ब्लैक सी) के तट पर नियंत्रण। अभी तो लगता यही है कि रूस इस मंशा में कामयाब हो जाएगा, हालांकि यह साफ नहीं है कि ओडेसा बंदरगाह पर वह किस तरह का रुख अपनाएगा? सवाल यह है कि इस युद्ध का रूस, यूरोप व शेष दुनिया पर क्या असर पड़ेगा और, रूस अपने सीमित लक्ष्य की क्या कीमत चुकाएगा? राष्ट्रपति पुतिन यही मानते हैं कि रूस की यूक्रेन में ऐतिहासिक भूमिका थी, जिसके चलते कीव को यह अधिकार नहीं था कि वह पश्चिम के पाले में, खासकर नाटो के साथ चला जाए। अभी ऐसा नहीं लगता कि आने वाले वर्षों में यूक्रेन नाटो का सदस्य बन सकेगा, लेकिन स्वीडन और फिनलैंड की सदस्यता नाटो के देश अंततः स्वीकार करेंगे, जिसका रूस की सामरिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यानी, अपनी सामरिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जिस जंग में रूस ने हाथ डाले, वही अब उसके हाथ जला रही है। रूस के सामने एक और समस्या है, जो नाटो के देशों द्वारा यूक्रेन को दिए जाने वाले समर्थन से पैदा होगी, और लंबे वर्षों तक चलेगी। नाटो के देश अब भी यूक्रेन को युद्ध सामग्री दे रहे हैं, और वे इतनी मात्रा में यह मुहैया कराते रहेंगे कि स्थिति सामान्य नहीं हो सकेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जल्द ही यूक्रेन को एक अरब डॉलर की अतिरिक्त सैन्य मदद देने का एलान किया है। कहा जा सकता है कि रूस जिस प्रकार से 1980 के दशक में अफगानिस्तान के दलदल में फंस गया था, उसके लिए ठीक वही स्थिति नाटो के देश, खासतौर से अमेरिका अब यूक्रेन में पैदा करना चाहता है। बहरहाल, यूक्रेन पर आक्रमण से यूरोप की सामरिक स्थिति तो बदली ही, विश्व की आर्थिक स्थिति भी चरमरा गई है। विशेषकर ऊर्जा आपूर्ति पर बुरा असर पड़ा है, जिसके कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के दाम अत्यधिक बढ़ गए हैं। इसका बुरा असर भारत पर भी पड़ रहा है। इसके अलावा, यूक्रेन से काफी मात्रा में गेहूं का निर्यात होता है और पश्चिमी एशिया के देश व अफ्रीका इसी गेहूं पर निर्भर हैं। इन दिनों यह आपूर्ति बंद है, जिसके कारण संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन के गेहूं पर निर्भर देशों को भुखमरी का सामना करना पड़ सकता है। भारत ने भी गेहूं का निर्यात रोक दिया है, लेकिन विश्व खाद्य कार्यक्रम से यह अपील भी की है कि वह %गवर्नमेंट टु गवर्नमेंट (सरकारी एजेंसियों, विभागों और संगठनों के बीच) गेहूं की आपूर्ति की इजाजत दे। यह एक अच्छा कदम है। उधर, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बात की, जिसका ब्योरा देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया है कि बीजिंग रूस की संप्रभुता और सामरिक नजरिये के पक्ष में है। इस आश्वासन से पुतिन को फिर से राहत मिली होगी, क्योंकि जिस प्रकार से रूस पर पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगाए हैं, उसके कारण आर्थिक दृष्टि से उसे चीन की जरूरत है। यानी, वह जितनी ऊर्जा का आयात रूस से कर रहा है, उसे वह बढ़ाए। साथ ही, अन्य सामग्रियों के आयात में भी कटौती न करे। खबर भी है कि चीन ने रूस से तेल का आयात बढ़ा दिया है और यह एक साल पहले के स्तर से 55 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है।

# राष्ट्रीयकृत बैंकों का निजीकरण कितना उचित होगा

**विनोद तकियावाला**

भारत अपनी आजादी के 75 वर्षों मेंअमृत महोत्सव मना रहा है वही इस अमृत काल में केंद्र सरकार द्वारा कई योजना % सरकारी कार्यक्रम व द्ब मनाने में मस्त है। इस उत्सव मे सरकारी खजानों से जनता के पैसे पानी की तरह बहाया जा रहा है,बही बेचारी जनता अपनी जीवन जीविका के जंग जुझ रही है।मंहगाई रूपी सुरसा के अपने मुँह फैलायें खडी है खैर।मंहगाई पर नियंत्रण करने के बजाय वर्तमान की केन्द्र सरकार अपनी गलत नीति को लागू करने व्यस्त है।पहले वी एस एन एल ,एयर इंडिया,एच ए एल आदि नव रतन कम्पनी के बाद जनता की गढ़ाई कमाई की जमा पूंजी संजोय कर रखने वाले बैक का काली नजर पड़ गई है।बैक की संक्षिप्त जानकारी पर सर सरी निगाह डालते है।इन आर्थिक क्षेत्र पर पैनी नजर व भारतीय अर्थ व्यवस्था के विशेषज्ञ के चहरे चिन्ता की लकीरें दिखाई पड़ रही है।क्योकि भारत मे बैंकों के राष्ट्रीयकरण के 53 वर्षों के बाद सरकार बैंकों के निजीकरण की राह पर चली पड़ी रही है।सरकार द्वारा भारतीय स्टेट बैंक को छोड़कर सभी पब्लिक सेक्टर के बैंकों का निजीकरण करने जा रही है।इस संदर्भ में नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दशक के दौरान एसबीआई को छोड़कर अधिकांश सरकारी बैंक,प्राइवेट बैंकों से पिछड़ गए हैं। इस संदर्भ में एन सी ए ई आर की पूनम गुप्ता औरअर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया नेअपने रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि सरकारी बैंकों ने अपने प्राइवेट सेक्टर के बैंकों की तुलना में संपत्ति और इक्विटी पर कम रिटर्न प्राप्त किया है।सरकार आने वाले दिनों में बैंकिंग संशोधन बिल भी लाने की योजना बना रही है,इस बिल के द्वारा सरकार बैंकों में अपना हिस्सा 26त्न तक कम करेगी बैंकों का नियंत्रण अपने हाथ में रखेगी।सरकार शेष बचे बैंकों को एक बार फिर मर्ज करके इनकी संख्या कम करने की सोच रही है ।देश की आजादी के 75 वर्षों और बैंकों के राष्ट्रीयकरण के 53 वर्षों के बाद आज सरकारी बैंकों की संख्या घटकर महज 12 रह गई है।आप को बता दे कि19 जुलाई 1969 को देश के 14 प्रमुख बैंकों का पहली बार राष्ट्रीयकरण किया था।1980 में पुनः 6 बैंक राष्ट्रीयकृत किये गये। 19 जुलाई 2022 को बैंकों के राष्ट्रीयकरण के 53 वर्ष पूरे हो चुके है।दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप में केंद्रीय बैंक को सरकारों के अधीन करने के विचार ने जन्म लिया उधर बैंक ऑफ़ इंग्लैंड का राष्ट्रीयकरण हुआ और इधर भारतीय रिज़र्व बैंक के राष्ट्रीयकरण की बात उठी जो 1949 में पूरी हो गयी।सन 1955 में इम्पीरियल बैंक,जो बाद में 'स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया' नाम सरकारी बैंक बन गया। लेकिन आजादी के बाद कमर्शियल बैंक सामाजिक उत्थान की प्रक्रिया में सहायक नहीं हो रहे थे।1947से लेकर1955 तक 360 छोटे-मोटे बैंक डूब गए थे जिनमें जनता की जमा पूंजी के करोड़ों रूपया डूब गया।कुछ बैंकों में काला बाज़ारी और जमाखोरी के धंधों में पैसा लगा रहे थे।सरकार ने इसके रोकने के लिए बैको की कमान अपने हाथ में लेने का फैसला किया ताकि वह इन्हें जनता व राष्ट्र के विकास के काम में भी लगा सके।19 जुलाई1969 को देश के 14 प्रमुख बैंकों का पहली बार सरकार द्वारा राष्ट्रीयकरण किया गया था और वर्ष1980 में पुनः 6 बैंक राष्ट्रीयकृत हुए थे।राष्ट्रीयकरण के बाद बैंकों की शाखाओं में बढ़ोतरी हुई।बैक की शाखा शहर से बैंक गांव-देहात में खुलने प्रारम्भ होने लगें।एक आंकड़ों के मुताबिक़ जुलाई 1969 को देश में इन बैंकों की सिर्फ 8322 शाखाएं थीं।2022 के आते आते यहआंकड़ा लगभग 88 हजार का हो गया। देश के विकास में इन राष्ट्रीयकृत बैंकों की अंहम भूमिका रही और इन बैंकों ने कृषि, उद्योग, सड़क, बिजली,टेलिकॉम,शिक्षा,रियल एस्टेट सभी के विकास के लिये अपना भरपूर सहयोग किया है। डी.आर.आई जेसे लघु ऋणों से लेकर बड़े बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए ऋण की व्यवस्था की।



कालान्तर सन वर्ष 1980 में बेंकिंग सेक्टर में कंप्यूटर की आवश्यकता महसूस हुई।इसे ध्यान मे रखते हुए 1988 में रिजर्व बैंक ने डा. रंगराजन की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जिसने बैंकों में कंप्यूटर लगाने की सिफारिश की और 1993 में बैंकों में कंप्यूटर लगाने के लिए सहमति बनी और बैंकों में कंप्यूटर लगने शुरू हो गये और समय के साथ साथ उनमे बदलाव होता गया और आज कंप्यूटर के बिना बैंकिंग संभव ही नहीं लगती।हालाँकि कंप्यूटर से बैकिंग तो आसान और 24 घंटे उपलब्ध हो पाई लेकिन इसके कारण बैंकों में रोजगार की संभावनाएं कम हो गईं। वही 1994 में नये प्राइवेट बैंकों का युग प्रारम्भ हुआ।आज देश में 8 न्यू प्राइवेट जनरेशन बैंक,14 ओल्ड जनरेशन प्राइवेट बैंक,11 स्माल फाइनेंस बैंक और 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक काम कर रहे हैं।2018 में सरकार ने इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक की स्थापना की जिसका मकसद पोस्ट ऑफिस के नेटवर्क का इस्तेमाल करके बेंकिंग को गाँव गाँव तक पहुंचना था।इसके साथ साथ और कई प्राइवेट पेमेंट बैंकों की भी शुरुआत हुई।

आर्थिक मामले के विश्लेषज्ञ का मानना है कि बैंकों का राष्ट्रीयकरण न होकर सरकारी करण ज्यादा हुआ।कांग्रेस की सरकार ने बैंकों के बोर्ड में अपने राजनैतिक लोगों को बिठाकर बैंकों का दुरूपयोग किया।जो लोग बोर्ड में बैंकों की निगरानी के लिए बिठाये गये थे %उन्होंने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए बैंकों का भरपूर इस्तेमाल किया।

सन 2014 में केन्द्र में मोदी सरकार के आने के बाद बैंकों से जुड़े फैसले जनधन खाते खोलना, मुद्रा लोन,प्रधान मंत्री बीमा योजना,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन इन बैंकों ने उत्साह से किया है। सबसे अभूतपूर्व कार्य नोटबन्दी के 54 दिनों मे इन बैंकों ने करके दिखाया।देश के सरकारी तंत्र की कोई भी इकाई(सेना को छोड़कर)36 घंटे के नोटिस पर ऐसा काम नहीं कर सकती जैसा इन सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने कर दिखाया।1991 के आर्थिक संकट के उपरान्त बैंकिंग क्षेत्र के सुधार के दृष्टि से जून 1991 में एम. नरसिंहम की अध्यक्षता में नरसिंहम् समिति अथवा वित्तीय क्षेत्रीय सुधार समिति की स्थापना की गई जिसने अपनी संस्तुतियां दिसंबर 1991 में प्रस्तुत की। नरसिंहम समिति द्वितीय की स्थापना 1998 में हुई।इसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिये व्यापक स्वायत्तता प्रस्तावित की गई थी।समिति ने बड़े भारतीय बैंकों के विलय के लिये भी सिफारिश की थी।इसी समिति ने नए निजी बैंकों को खोलने का सुझाव दिया जिसके आधार पर 1993 में सरकार ने इसकी अनुमति प्रदान की।भारतीय रिजर्व बैंक की देखरेख में बैंक के बोर्ड को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त रखने की सलाह भी नरसिंहम् समिति ने दी थी। सरकारी बैंकों का पहला विलय 1993 में न्यू बैंक ऑफ़ इंडिया का पंजाब नेशनल बैंक में हुआ। नरसिंहम् समिति की सिफारशों पर कार्यवाही करते हुए केन्द्र सरकार ने सबसे पहले 2008 में स्टेट बैंक ऑफ़ सौराष्ट्र,2010 में स्टेट बैंक ऑफ़ इंदौर और 2017 में बाकि पांच एसोसिएट बैंकों का स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया में विलय करने के बाद 2019 में तीन बैंकों, बैंक ऑफ़ बड़ौदा,विजया बैंक और देना बैंक का विलय तथा 1अप्रैल 2020 से 6 बैंक सिंडीकेट बैंक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, इलाहाबाद बैंक, कारपोरेशन बैंक और आंध्रा बैंक का विलय कर दिया है।

## दूसरों के दुख से अपना दुख ज्यादा बेहतर

एक कहावत है राजा दुखी, प्रजा दुखी सुखिया का दुख दुना। कहने का अर्थ यह है कि संसार में जिसे देखो वह अपने को दुखी ही कहेगा। राजा का अपना दुख है, प्रजा का अपना और जिसे आप सुखी माने बैठें हैं उससे पूछ कर देंखेंगे तो वह भी अपने दुखों की पोटरी खोलकर अपनी व्यथा गाने लगेगा। लेकिन अगर आपके पास यह विकल्प हो कि आप अपना दुख किसी और को देकर दूसरे का दुख खुद स्वीकार कर लें तब आप कहेंगे कि अपना ही दुख भला है। इस संदर्भ में एक कथा है कि किसी गांव में एक फकीर आये। उनकी विशेषता यह थी कि वे किसी की भी समस्या दूर कर देते थे। उनकी इस विशेषता के बारे जिसे भी पता चला, वह उनके पास दौड़ा आया। अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई और लोग जल्दी से जल्दी अपनी समस्या फकीर को बताने की जुगत भिड़ाने लगे। नतीजा यह हुआ कि हर कोई बोलने लगा। कोलाहल मच गया। फकीर ने सभी को चुप होने के लिए कहा। सभी लोग चुप हो गये तब फकीर ने कहा, मैं सबकी समस्या दूर कर दूंगा। आप सब लोग एक-एक कागज पर अपनी समस्या लिखकर लाएं और मुझे दे दें। कुछ ही देर में कागजों का ढेर लग गया। फकीर ने कागजों को एक टोकरी में रखा और उसे सबके बीच में रख दिया। एक आदमी की तरफ इशारा करके फकीर मे कहा, यहां से शुरू करके सब बारी-बारी से आएंगे और एक-एक कागज उठा लें। ध्यान रहे किसी को अपना कागज नहीं उठाना है। लोग एक-एक कर आए कागज उठा-उठा कर अपनी-अपनी जगह बैठ गए। फकीर ने कहा, अब इस कागज में लिखी किसी दूसरे की समस्या पढ़ो। अगर चाहो तो मैं तुम्हारी समस्या दूर कर दूंगा पर उसके बदले कागज पर लिखी समस्या तुम्हारी हो जाएगी।

# मध्यप्रदेश वन विभाग को बाघों की संख्या पर इतराने की जरूरत नहीं है!

**आजाद सिंह डबास**

29 जुलाई 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर भोपाल में वन विभाग व्दारा आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जो खबरें छपी हैं, उससे यह अहसास कराने का प्रयास किया गया है कि मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। प्रदेश में बाघ पूर्णतः सुरक्षित हैं और अब इन्हें दूसरे प्रदेशों में भी भेजा जा सकता है जबकि हकीकत में ऐसा कतई नहीं है। मध्यप्रदेश में 2018 की गणना में 526 बाघ बताये गये थे, जो कर्नाटक से मात्र 2 ज्यादा हैं। इस आंकड़े को जब मध्यप्रदेश (94,689 वर्ग कि.मी) और कर्नाटक(38,284 वर्ग कि.मी) के वन क्षेत्रफल के हिसाब से देखा जाता है तो मालूम पड़ता है कि मध्यप्रदेश का वन क्षेत्र कर्नाटक से ढ़ाई गुणा है। इस मान से मध्यप्रदेश में लगभग 1400 बाघ होने चाहिएं जबकि इस बार के सेंसस में मात्र 600 के आस-पास बाघ मिलने की संभावना है।

मैं यहां यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि मैं कोई वन्यप्राणी विशेषज्ञ न तो रहा हूँ और ना ही आज की तारीख में क्लेम कर रहा हूँ। लगभग 30 वर्ष तक मध्यप्रदेश के वन विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहने के फलस्वरूप मैं यह कह सकता हूँ कि एक बाघ को लगभग 10 से 20 वर्ग किलोमीटर की टेरिटरी चाहिए। इस हिसाब से मध्यप्रदेश के वनों में लगभग 5 से 10 हजार बाघ होने चाहिए। वर्तमान संख्या इसके आस-पास भी नहीं है। यह इसलिए है कि संरक्षित क्षेत्रों (टाईगर रिजर्व, नेशनल पार्क एवं अभ्यारण) के बाहर बाघों की बहुत कम संख्या है। संरक्षित क्षेत्रों के बाहर के वन बाघ के रहवास लायक नहीं बचे हैं। वन क्षेत्रों में अंधाधुध रूप से खनन हो रहा है। वन क्षेत्रों में अतिक्रमण की बाढ आई हुई है। वन अधिकार अधिनियम के तहत लगातार बांटे जा रहे वन अधिकार पत्रों ने अतिक्रमण की समस्या को अत्याधिक बढ़ा दिया है। आज शायद ही कोई वन क्षेत्र ऐसा बचा हो जिसमें अतिक्रमण न किया गया हो। प्रदेश के वनों में गर्मी के दिनों में भयंकर रूप से आग लगती है। अनेक वनक्षेत्र कई-कई बार आग का प्रकोप झेलते हैं। प्रदेश के वनों में बेरोक-टोक तरीके से चराई हो रही है। ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतो के अभाव में जलाऊ लकड़ी की पूर्ति में जंगल बर्बाद हो रहे हैं। अवैध कटाई की समस्या अपनी जगह बनी हुई है। उपरोक्त हालात यह बताते हैं कि संरक्षित क्षेत्रों के बाहर के वन क्षेत्र बाघ के रहवास के लिए पूर्णतः असुरक्षित हैं। इसीलिए ज्यादातर बाघ संरक्षित क्षेत्रों तक ही सीमित हैं जिसके फलस्वरूप टेरिटोरियल फाईट में अनेक बाघ मारे जा रहे हैं। अगर वन विभाग के आंकड़ो पर विश्वास किया जावे तो विगत 6 वर्ष में ही 184 बाघों की मौत हुई है जिनमें 119 बाघ तो आपस में लड़कर मर चुके हैं। हाँलाकि मैं इन आंकड़ों से सहमत नहीं हूँ। अपनी नाकामी छुपाने के लिए टेरिटोरियल फाईट के आंकड़े ज्यादा बताये जा रहे हैं। बाघ के संरक्षण में राजनीति भी एक बड़ी बाधा है। भोपाल के समीप स्थित रातापानी अभ्यारण्य को नेशनल पार्क बनाने का मसला कई साल से अटका हुआ है और विभाग इस मामले में पूर्णतः लाचार नजर आता है। इस अभ्यारण्य का कुल वन क्षेत्रफल 972 वर्ग कि.मी है जिसमें 50 से 70 बाघ बताये जा रहे हैं। इस मान से इस अभ्यारण्य को तत्काल नेशनल पार्क बनाने की आवश्यता है ताकि बाघों का संरक्षण हो सके। उचित देख-रेख के अभाव में कई बाघ भोपाल के पास के जंगल में विचरण करते रहते हैं जिनकी सुरक्षा संदिग्ध बनी रहती है। राजनीति के चलते ही रातापानी की तरह ही लगभग 3 वर्ष पूर्व दिये गये 10 अभ्यारण्य बनाने के प्रस्ताव वर्तमान सरकार व्दारा ठण्डे बस्ते में डाल दिये गये हैं। बाघ संरक्षण एवं वन सरंक्षण के संबंध में की जा रही राजनैतिक बयान-बाजी ढ़कोसला मात्र है। राजनेताओं की दिलचस्पी न तो वन संरक्षण में है और ना ही बाघों के संरक्षण में। वन अधिकारियों को भी चाहिए कि वे वास्तविकता से राजनेताओं को हकीकत से अवगत करायें अन्यथा बाघों का समुचित संरक्षण संभव नहीं है।

बाघों के संरक्षण के संबंध में राजनेताओं को हकीकत न बताकर वन अधिकारी मात्र अपनी पीठ थप-थपवा सकते हैं, उनका संरक्षण सुनिश्चित नहीं कर सकते। दूर जाने की बात नहीं अभी कुछ वर्ष पूर्व ही पन्ना नेशनल पार्क में बाघों की संख्या सशून्य हो चुकी है। हाँलाकि एक वन अधिकारी की जी-तोड़ मेहनत से वहां पुनः बाघ लौट आये हैं लेकिन दोबारा ऐसा नहीं होगा, यह गारंटी से नहीं कहा जा सकता है।

# कहीं देश विरोध में तो नहीं बदल रहा राजनीतिक विरोध

### सूडोकु नवताल- 6151

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6150 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

वर्तमान में यह तो सबको पता है कि क्या बोलना चाहिए, लेकिन इसका पालन व्यवहार में बहुत कम दिखाई देता है। इसी प्रकार एक और महत्वपूर्ण बात यह भी है कि हमें यह पता नहीं होता कि क्या नहीं बोलना और करना है। राजनीतिक जीवन में मर्यादित व्यवहार करने की आशा सबसे की जाती है, लेकिन वर्तमान में इस प्रकार का व्यवहार कतई नहीं किया जा रहा है। कुछ राजनीतिक दल तो सत्ता प्राप्त करने के बाद इस प्रकार का रवैया अपनाते हैं, जैसे राजनीति देश सेवा के लिए नहीं, बल्कि व्यापार करने का माध्यम है। पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री रहने वाले पार्थ चटर्जी के सहयोगियों के आवास पर करोड़ों रुपए मिलना यही संकेत करता है कि उन्होंने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए यह राशि एकत्रित की है। हालांकि यह अभी जांच प्रक्रिया में है, उसके बाद ही यह प्रामाणिक हो पाएगा कि यह करोड़ों रुपए किस माध्यम से एकत्रित किए गए।

वर्तमान में देश में राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के तरीके में बहुत बड़ा बदलाव आया है। यह बदलाव सकारात्मक न होकर पूरी तरह से नकारात्मक ही कहा जाएगा। नकारात्मक इसलिए, क्योंकि विरोध प्रदर्शन के नाम पर कुछ स्थानों पर देश की संपत्ति का भारी नुकसान भी किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के संवैधानिक अधिकारों की अवहेलना करने वाला ही कहा जाएगा। यह सर्वविदित है कि लोकतांत्रिक पद्धति



में अगर कोई सही नहीं लगती तो उसका विरोध करने का नीतिगत अधिकार है, लेकिन विरोध कैसा हो, इसकी भी संहिताएं हैं। संवैधानिक संहिताओं के दायरे में किया जाने वाला विरोध उचित है और तर्कसंगत भी, लेकिन इस विरोध के नाम पर कोई अपने ही घर का नुकसान करने अथवा विधि सम्मत प्रक्रियाओं पर दबाव बनाने की राजनीति करने पर उतारू हो जाए तो इसे उचित नहीं माना जा सकता। आज देश में लम्बे समय से ऐसा ही दृश्य उपस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है।

यह सही है कि देश के लोकतंत्र को बचाने का जितना जिम्मा सत्ता पक्ष का है, उतनी ही कर्तव्य परायणता का परिचय विपक्ष को भी देना चाहिए, लेकिन विपक्ष तो ऐसा व्यवहार करने पर उतारू होता जा रहा है जैसे उसे देश से कोई मतलब ही नहीं है। यहां एक और बात कहना तर्कसंगत लग रहा है कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है, राजनीतिक दल नहीं, लेकिन कुछ राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से चुनकर आई केंद्र की वर्तमान सरकार का विरोध करते करते देश का नुकसान भी करने लगते हैं, इसे लोकतांत्रिक तरीका कहना पूरी तरह से अनुपयुक्त ही होगा। अभी हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में की जा रही पूछताछ को ऐसा कहकर प्रचारित किया जा रहा है, जैसे यह मामला प्रधानमंत्री मोदी ने ही प्रारंभ करवाया है। वास्तविकता यह है कि यह पुराना मामला है और प्रवर्तन निदेशालय केवल उसकी संवैधानिक तरीके से जांच ही कर रहा है। इसलिए इस मामले में कांग्रेस द्वारा किया जाने वाला प्रदर्शन केवल दबाव बनाने का ही एक तरीका जान पड़ता है। यहां सवाल यह उठता है कि अगर कांग्रेस के नेताओं ने कुछ किया ही नहीं है तो जांच होने से क्यों डर रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले की सच्चाई जो भी हो वह देश की जनता के सामने आनी ही चाहिए। कुल मिलाकर यह कहना समुचित होगा कि राजनीतिक विचारधारा की तुलना में देश का हित बड़ा होता है। देश का तात्पर्य केवल राजनीतिक दल नहीं होते, देश का आशय उस देश की जनता से है और इसी जनता ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को चुना है। लोकतंत्र की परिभाषा यही है कि जो जनता ने चुना है, उसे देश ने चुना है। जब देश ने चुना है तो कोई भी राजनीतिक दल देश से बड़ा नहीं है, वह भी देश के भीतर ही आता है। इसलिए सरकार का विरोध करते समय विपक्ष को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कहीं उनके किसी कदम से देश का नुकसान तो नहीं हो रहा।

## मज़हबी पोंगापंथी से ऊपर उठें

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत में मजहब के नाम पर किस कदर पोंगापंथी लोग कोहराम मचाकर खुश होते हैं? अब ताजा क़िस्सा सामने आया है, मुजफ्फरनगर की युवा गायिका फरमानी नाज़ का! यह एक घरेलू मुस्लिम महिला है। इस तीस वर्षीय मुस्लिम महिला के खिलाफ कुछ मुस्लिम मौलानाओं ने अपने तोप और तमंचे दागने शुरु कर दिए हैं, क्योंकि उसका गाया हुआ एक भजन 'हर हर शंभू' बहुत लोकप्रिय हो रहा है। उस भजन को इंटरनेट पर अभी तक लगभग 10 लाख लोग सुन चुके हैं। देवबंद के उलेमाओं के वाग्बाणों के बाद कोई आश्चर्य नहीं कि अब नाज़ के भजनों, गजलों और गीतों को सुननेवालों की संख्या करोड़ों तक पहुंच जाए। हमारे पोंगापंथी मौलानाओं की फरमानी नाज़ पर यह बड़ी कृपा बरसेगी। मैंने भी फरमानी नाज़ को सुनने की कोशिश की। उसके शिव भजन में तो मुझे कोई खास रस नहीं आया लेकिन उसकी गजलें सुनकर मैं दंग रह गया। अपने चूल्हे पर गोबर लीपती हुई नाज़ जो गजल गा रही है, बिना तबला और बांसुरी के, वह भी सीधे दिल में उतर रही थी। देवबंद के एक मौलाना और मुफ्ती ने फरमानी नाज़ के शिव भजन गाने पर घोर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यदि आप मुसलमान हैं तो आपको किसी अन्य मजहब के देवी-देवताओं के भजन बिल्कुल नहीं गाने चाहिए। इस्लाम इसकी इज़ाजत कतई नहीं देता। उनके इस एतराज़ का फरमानी और उसकी माँ, दोनों ने साफ़-साफ़ लफ्जों में जवाब दिया है। उनका कहना है कि फरमानी नाज़ पक्की मुसलमान है और वह नियमित नमाज़ भी अदा करती है। लेकिन उसकी शादी के दो साल बाद ही उसका तलाक हो गया। उसे मुंबई के 'इंडियन आइडोल' में गोल्डन टिकिट भी मिल गया था लेकिन उसे छोड़कर उसे फिर मुजफ्फरनगर आना पड़ा, क्योंकि उसके दो साल के बेटे के गले का गंभीर आपरेशन जरुरी था। उसके लिए वह पैसा कहां से लाती? सो, उसने गाना शुरु कर दिया। उसके पास कोई कमी नहीं रही। उसकी माँ फातिमा बेगम ने कहा कि उसके गायन ने ही बच्चे के जान बचाई! उन दोनों का कहना है कि संगीत का कोई मजहब नहीं होता। उनकी यह बात गलत होती तो मोहम्मद रफी, ए.आर, रहमान, जावेद अख्तर, लता मंगेशकर, शकील बदायूंनी जैसे दर्जनों बड़े नाम मैं गिना सकता हूं कि जिन्होंने एक-दूसरे के धार्मिक भजनों और गीतों को गाया और लिखा है। मुसलमान और ईसाई अभिनेताओं ने हिंदू देवी-देवताओं के रोल किए हैं।

# खाकी के साए में महापौर व पार्षदों ने ली पद की शपथ






### सभापति चुनाव जैसा माहौल दिखा टाउन हॉल में आयोजित शपथ समारोह का

**मुरैना।** नगर पालिक निगम मुरैना के सभापति चुनाव को लेकर कांग्रेस एवं भाजपा में अभी भी रस्साकशी चल रही है। 5 अगस्त को होने वाले सभापति चुनाव से पूर्व मंगलवार को महापौर एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ही आयोजन स्थल का नजारा ऐसा लग रहा था, जैसे आज ही चुनाव हो रहा है और प्रशासन एवं पुलिस ने पूरे टाउन हॉल क्षेत्र को सुरक्षा कवच में ले रखा था। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान दो तीन बार विवाद की स्थिति निर्मित हुई, लेकिन लोगों ने आपसी सूझबूझ से उसे सुलझा लिया। शपथ ग्रहण में कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, सज्जन वर्मा, अशोक सिंह, विधायक राकेश मावई, बैजनाथ कुशवाह, अजब सिंह कुशवाह सहित तमाम कांग्रेस के नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। टाउन हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सर्वप्रथम महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी को जिला कलेक्टर बी कार्तिकेयन द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, इसके पश्चात अपनी अपनी सीटों पर विराजमान सभी पार्षदों को जिला कलेक्टर द्वारा एक साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई एवं उपस्थित सभी पार्षदों के हस्ताक्षर लिए गए। कार्यक्रम के दौरान मंच पर कांग्रेस एवं भाजपा के नेताओं के पहुंचने से वहां माहौल गर्म हो गया और एक दूसरे को नीचे उतारने के लिए कहने लगे। कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ताओं ने अपने सभी पार्षदों को एक्साइड बुलाकर अलग कर लिया तो वहीं भाजपा के नेताओं ने अपने पार्षदों को मंच पर ही बिठाल रखा।

### टाउन हॉल परिसर की चाक-चोबंद की गई थी व्यवस्था

प्रशासन एवं पुलिस द्वारा शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए टाउन हॉल परिसर के लिए जाने वाले सभी रास्तों को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया और वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। वहीं टाउन हॉल के प्रवेश द्वार पर पार्षद एवं कार्यकर्ताओं को लिस्ट के हिसाब से एंट्री दी जा रही थी, टाउन हॉल के अंदर वाले गेट पर भी यही व्यवस्था फिर से रखी गई, जिस कारण कई बार पुलिस एवं नेताओं व कार्यकर्ताओं के बीच विवाद की स्थिति बनी।

### पुलिस और नेता, कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प, धक्का-मुक्की

शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व प्रवेश को लेकर काफी विचित्र स्थिति निर्मित हो गई। गेट पर तैनात पुलिस अधिकारियों को आमंत्रित लोगों की सूची दी गई थी, जिनमें तमाम बड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के नाम नहीं थे और वह अंदर जाने की जिद कर रहे थे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों का नेता तथा कार्यकर्ताओं से कई बार विवाद हुआ और धक्का-मुक्की भी हुई, जिससे वहां व्यवस्था में गड़बड़ आने लगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया द्वारा समझाने बुझाने पर विवाद शांत हुआ। अंतिम समय में तो कार्यकर्ता इतना बिगड़ गए कि पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाने लगे।

### सभापति दावेदार ने स्वयं संभाली सुरक्षा व्यवस्था

शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर पार्षदों को छीनने की आशंका के चलते सभापति पद के दावेदार राधारमण दंडोतिया कार्यक्रम स्थल पर तमाम पार्षदों के साथ आए थे, तो वहीं मंच पर भी वह अपने गुट के पार्षदों को संभालते दिखाई दिए। जब शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया, तब उनके द्वारा अपने प्राइवेट सुरक्षाकर्मी मुख्य गेट पर तैनात कर दिए गए, ताकि किसी भी स्थिति को संभाला जा सके एवं अपने गुट के सभी पार्षदों को टाउन हॉल प्रांगण के अंदर से गाड़ियों में बिठा कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

### शपथ दिलाने के तुरंत बाद निकले कलेक्टर

महापौर एवं पार्षद को शपथ दिलाने के तुरंत बाद जिला कलेक्टर कार्यक्रम स्थल से निकल गए और उनके जाते ही वहां विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी। मंच पर पार्षदों के अलावा कांग्रेस एवं भाजपा के कुछ लोगों के पहुंच जाने के बाद दोनों ही पार्टियों के नेताओं के बीच तनातनी देखने को मिली, लेकिन मीडिया के कैमरों के चलते कोई भी गंभीर स्थिति नहीं बन सकी।

### वृंदावन सिंह ने पुलिस एवं प्रशासन का जताया आभार

मंगलवार को टाउन हॉल में नगर पालिक निगम के महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वृंदावन सिंह सिकरवार ने मीडिया के समक्ष जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित तमाम अधिकारियों का आभार जताया।

### प्रशासन एवं पुलिस की असल अग्नि परीक्षा 5 को

शपथ ग्रहण समारोह तो शांतिपूर्वक निपट गया, लेकिन आगामी 5 अगस्त को सभापति पद के लिए होने वाले चुनाव, प्रशासन एवं पुलिस के लिए चुनौती होंगे। जिस तरह शपथ ग्रहण समारोह सुरक्षा कवच के बीच हुआ है, उससे डबल सुरक्षा व्यवस्था 5 अगस्त को प्रशासन एवं पुलिस को करनी पड़ेगी और सभापति का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इसके लिए कवायद होना शेष है।



## झोंपड़ी में रहने वाले दाताराम पक्के आवास के बने मालिक

**मुरैना।** सबलगढ विकासखण्ड के ग्राम रामगढ निवासी दाताराम पुत्र रघुवर की खुशी में इतने मगन है, कि बार-बार प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दे रहें है, जिनके सहयोग से मैं झोंपड़ी में रहने वाला व्यक्ति पक्के आवास का मालिक बन गया हूं।

रामगढ निवासी दाताराम ने बताया कि सदियां गुजर गई, किन्तु पक्का मकान मेहनत मजदूरी करके नहीं बनवा सके। दिहाड़ी मजदूरी करने से केबल बच्चों का पेट पाल सकते थे, पक्का मकान बनवाना मेरे लिये सपना बन गया था। बरसात के समय जब पानी झोंपड़ी से टपकता था, तो बच्चे, पत्नि दिन-रात कोसते थे कि इतनी गरीबी अभिशाप है। कैसे हमारे पक्के मकान बनेंगे, यही चिंता पूरे परिवार को सताती रही।

दाताराम पुत्र रघुवर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिये वर्ष 2011 की सर्वे सूची में बीपीएल धारकों को आवास मिलने के लिये पंचायत सचिव ने गांव में सूचना दी थी, उस समय हमने भी बडी आशा और उम्मीद के साथ पंचायत सचिव से अपने लिये अधिकार से आवास मांगने की मांग रखी। पंचायत सचिव ने हमे आश्वस्त किया कि प्रथम चरण में आपका आवास स्वीकृत नहीं हुआ है, अगले चरण में उम्मीद है कि आवास के लिये आपका नाम आ जाये। मैंने मन को तसल्ली रखते हुये घर आकर बैठ गया। अगले 6 माह बाद दूसरी किश्त आवास की मंजूर हुई, जिसमें मेरा नाम भी आवास के लिये जोड़ा गया। कुछ समय बाद पंचायत सचिव ने मेरे यहां आकर पक्के आवास के लिये लैआउट डलवाया, 4 माह के अंदर मेरा भी आवास बनकर तैयार हो गया। जिसके लिये मुझे 2 लाख 40 हजार रूपये शौचालय, आवास आदि के लिये मंजूर हुआ। मेरे द्वारा अपने ही आवास में मेहनत मजदूरी की, तो मुझे मजदूरी के पैसे अलग से मिले और मेरा परिवार आवास पाकर बेहद प्रफुल्लित हुआ। तब पत्नि ने कहा कि आवास का एक सपना देखा था, जो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने साकार किया है।

## फरियादी के साथ मारपीट करने वाले आरोपीगण को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** मारपीट करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी प्रकाश सिंह पिता आशाराम गुर्जर, उम्र-41 वर्ष को धारा 325 भा.दं.सं. में दोषी पाते हुये 01 वर्ष का सश्रम कारावास व 1,000/-रूपये का अर्थदण्ड, आरोपीगण, दिलीप सिंह पिता आशाराम गुर्जर, उम्र-39 वर्ष, मोहर सिंह पिता बैजनाथ सिंह गुर्जर, उम्र-33 वर्ष, द्वारिका सिंह पिता सेवाराम गुर्जर, उम्र-64 वर्ष समस्त निवासीगण- ग्राम खेरिया, थाना माता बसैया तहसील जिला मुरैना म.प्र. को धारा 325 सहपठित धारा 34 भा.दं.सं. में 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास व एक-एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि फरियादी अशोक शर्मा ने थाना माताबसैया पर उपस्थित होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि घटना 03 सितम्बर 2005 के सुबह के 09:30 बजे फरियादी अशोक एवं उसके बडे भाई मुन्नालाल और महेश ग्राम खेरिया के हनुमान मंदिर में पाठ कर रहे थे, फरियादी मंदिर से बाहर निकला तब चारों आरोपीगण प्रकाश, दिलीप, द्वारिका, मोहरसिंह ने उसे घेर लिया। आरोपी मोहरसिंह ने फरियादी को लात मारी और मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां दीं। आरोपी प्रकाश ने उसे सिर में फरसा मारा जिससे उसके चोट आई वह गिर पडा और चिल्लाया तो उसके भाई मुन्नालाल और महेश आ गये। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना माता बसैया पर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपीगण को दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्रीमती बबीता गुप्ता सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला मुरैना द्वारा की गई।

## खाद की कालाबाजारी और किल्लत का किसान सभा ने किया विरोध।

### किसानों को जरूरत के अनुसार खाद मुहैया कराने हेतु सरकार से की मांग



**मुरैना।** वर्तमान में यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी के चलते किसानों की हालत बदहाल हो रही है। किसान रात - रात भर लाइन में लगे हुए हैं। उसके बाद भी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हालत यह है कि, सोसाइटीज को ऊपर से आवश्यकतानुसार खाद का आवंटन नहीं मिल पारहा है। जिसके चलते किसानों को खाद उपलब्ध नहीं है। किसान नकली खाद और ब्लैक में खाद लेने के लिए मजबूर हैं। मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि हर साल उत्पन्न होने वाले खाद के संकट से किसानों को निजात दिलाई जाए। खाद की कालाबाजारी और अनुपलब्धता रोकने के लिए जरूरत के अनुसार पहले से ही खाद उपलब्ध कराया जाए। जिससे किसानों को होने वाली परेशानियों को रोका जा सके। साथ ही पैदावार में हो रहे नुकसान से भी किसानों को बचाया जाए। किसान नेता तिवारी ने कहा है कि खाद की समस्या का समाधान नहीं होने पर जिले में सभी जगह किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसका समस्त उत्तरदायित्व प्रदेश सरकार का होगा। इसके अलावा उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भी आग्रह किया है कि कृषि विभाग और अन्य विभाग के अधिकारियों को तैनात कर किसानों के खाद आवंटन की समस्याओं का तात्कालिक निदान करने को प्राथमिकता दी जाए।

### ग्राम रामपहाड़ी में "हर घर तिरंगा" फहराने का महिलाओं ने लिया संकल्प




**मुरैना।** केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा 13 से 15 अगस्त तक ''हर घर तिरंगा'' अभियान चलाया जायेगा। अभियान के तहत प्रत्येक घर, दुकान, फैक्ट्री, कार्यालयों पर ध्वज लगाया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने जिले के समस्त जनपद सीईओ को निर्देश दिये है कि प्रत्येक गांव में बाइक रैली, महिला एवं पुरूष गांव में भ्रमण कर लोगों को प्रेरित करें। इसके तहत सबलगढ विकासखण्ड के ग्राम रामपहाड़ी में महिलाओं ने ''हर घर तिरंगा'' अभियान की शुरूआत करने के लिये संकल्प लिया है कि सम्मान के साथ तिरंगे को प्रत्येक घर में लगवायेंगे। शासन की मंशा के अनुरूप तिरंगे का सम्मान भी करेंगे। इस प्रकार का संकल्प ग्राम रामपहाड़ी की महिलाओं ने लिया है।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



**अंबाह।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की महिला शाखा के तत्वाधान में मंगलवार को जैन बगीची में सावन महोत्सव आयोजित किया गया। साथ ही इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा णमोकार मंत्र की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की गई, इसके बाद महिलाओं ने सावन के गीतों पर घूमर नृत्य, एकल नृत्य एवं सामूहिक नृत्य कर सबका मन मोह लिया। आयोजन में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं भी संपन्न हुई जिसमें महिलाओं में झूला झूलने की चकरी पर झूलने की होड़ लग गई। अध्यक्ष रीता जैन ने बताया कि प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### जैन बगीची प्रांगण में पौधरोपण किया गया

ग्रुप अध्यक्ष ने जैन धर्म के महापुरुषों के नाम पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर श्रीमती सरस जैन, श्रीमती रीता जैन, लक्ष्मी जैन, मानसी जैन, शशि जैन भंडारी, रूबी जैन, प्रीति जैन, जूली जैन, सपना जैन, मोनी जैन, सोनम जैन, शरद जैन, लालू जैन, संध्या जैन, अनीता जैन, मोना जैन, किरण जैन, पिंकी जैन, बबली जैन, लक्ष्मी जैन, रजनी जैन, गुड़िया जैन, दीप्ति, सिम्मी, स्वाती, खुशी, अनन्या प्राची, तनु, प्रज्ञा जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## गांधी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मिला 10 हजार झण्डों का ऑर्डर

**मुरैना।** विकासखण्डके ग्राम खेडामेवदा के गांधी स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती सीता पत्नि श्यामसुंदर के चहरे की मुस्कान बयां कर रही थी, क्योंकि कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने प्रथम खेप के लिये 10 हजार झण्डे तैयार करने का ऑर्डर दिया था। ऑर्डर पाकर समूह की महिलायें गदगद हो उठीं।

गौरतलब है कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत साढे 3 लाख झण्डे मुरैना जिले के लिये तैयार करने का लक्ष्य जिला प्रशासन को मिला है। कलेक्टर ने मुरैना विकासखण्ड के गांधी स्व-सहायता समूह को 2 रूपये प्रति झण्डे के मार्जिन से लाभ प्राप्त करने के लिये समूह की अध्यक्ष श्रीमती सीता को यह कार्य सौंपा है। गांधी स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ने बताया कि मेरे समूह में अधिकतर गरीब एवं निर्धन वर्ग की महिलायें जुडी हुई है, जिन्हें झण्डे सिलने का अनुभव पहले से था। उनकी सहमति पर ही मैंने अभी हाल ही में 10 हजार झण्डे बनवाने का ऑर्डर ले लिया है। यह झण्डे 2 दिवस में



सिलकर तैयार किये जायेंगे। जिसमें समूह को 2 हजार रूपये की शुद्ध आय प्राप्त होगी। जिसमें से समूह के सभी सदस्यों को पारिश्रमिक के तौर पर उपलब्ध करा दिये जायेंगे। जिससे उनके घर-गृहस्थी के काम आ सकें।

# हनीट्रैप के मामले में फसाकर कपड़ा व्यापारी से लाखों रूपये ऐंठने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## गिरोह में शामिल तीन पुरूष व एक महिला को पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार, व्हाट्सएप के जरिए दोस्ती कर अश्लील वीडियो भेजकर व्यापारी को कर रहे थे ब्लेक मेल

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्रीअमित सांघी,भापुसेको व्हाट्सएप के माध्यम से कॉलकरअश्लीलवीडियोबनाकरलोगों को ब्लेकमेल करने संबंधी सूचनाएंलगातारप्राप्तहोरहीथी।दिनांक 01.08.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को सूचनाप्राप्तहुईकिफरियादीनरेन्द्रजैननिवासीनरवर जिला षिवपुरी से अष्लीलवीडियोबनाकरब्लेकमेलकरलाखों रूपयेठगनेवालेगिरोह के सदस्य थानाकम्पूस्थितगोल्डन ब्लेज होटल के रूम नम्बर 304 में ठहरेहुए हैं।उक्तसूचनापर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर(दक्षिण) श्रीमतीमृगाखी डेका,भापुसेएवंअति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध)श्रीराजेशडण्डोतियाकोक्राईमब्रांचतथाथानाकम्पू पुलिस की संयुक्तटीमबनाकरउक्तहनीट्रैप के मामले में ब्लेकमेल करने वालेगिरोह की तस्दीककरकार्यवाही करने हेतुनिर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देष के परिपालन में डीएसपीअपराध श्रीरत्नेशतोमर एवंसीएसपीइन्दरगंजश्रीविजय भदौरिया के मार्गदर्शन में थानाप्रभारीक्राईमब्रांचनिरीक्षक दामोदरगुप्तातथाथानाप्रभारीकम्पूनिरीक्षक रामनरेष यादव के नेतृत्व में पुलिस टीमों को मुखबिर के बतायेस्थानथानाकम्पूस्थितगोल्डन ब्लेज होटलपरभेजागया।पुलिस टीम द्वारा गोल्डन ब्लेज होटल के रूम नम्बर 304 का दरबाजा खुलवानेपर रूम के अन्दरतीनपुरूष व एक महिलाउपस्थितमिले। पुलिस द्वारा की गईपूछताछ में उनके द्वारा बतायागयाकिनरवर जिला षिवपुरीहालअहमदाबादनिवासीमास्टरमाइण्ड के कहनेपर उन लोगों के द्वारा कपड़ाव्यापारीनरेन्द्रजैननिवासीनरवर को हनीटैप में फसाकरझूठाकेसकायम करने की धमकीदेकरउससे 25 लाख रूपये की मांग की गईथी,जिसपरफरियादी द्वारा गिरोह के सदस्योंने 02 लाख रूपये की रकमभीदे दीगईथी।फरियादी से ऐंठीगईरकमगिरोह के सदस्यों ने आपस में बांटलीथी।तलाषीलेनेपरपकड़ेगयेगिरोह के सदस्यों से 01 लाख 80 हजार रूपयेनगदतथातीनमोबाइल व अन्य दस्तावेजजप्तकियेगये।पकड़ेगयेगिरोह के तीनपुरूष व एक महिलासदस्यों ने पूछताछ में बतायाकिगिरोह का सरगनानरवर जिला षिवपुरीहालअहमदाबाद का रहनेवालाहैतथाउसी के कहनेपरहमलोगों द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से अष्लीलवीडियोंबनाकरब्लेकमेलकरतेहैं।पूछताछ में इनके द्वारा कईलोगों को अष्लीलवीडियोंबनाकरब्लेकमेल किया गयाहैजिसकेसंबंध में विस्तृतपूछताछ की जारही है। गिरोह की महिलासदस्य को हिरासत में लियाजाकररात्रि होने की वजह से वनस्टॉपसेंटर में छोड़ागया,जिससेआजविस्तृतपूछताछ की जाएगी।पकड़ीगईमहिला से महिलापुलिसकर्मियों द्वारा की गईतलाषी में 20 हजार रूपयेनगद व एक हैण्डबेग एवंओप्पोकंपनी का एक मोबाइलजप्त किया गया है।गिरोह के मास्टरमाइण्ड की भी पुलिस द्वारा तलाष की जारही है।



ज्ञातहोकिफरियादी द्वारा दिनांक 01.08.2022 को थानाकम्पू में अवेदनपत्र दियागयाथाकिउसको एक महिला द्वारा व्हाट्सएप के जरिए दोस्तीकरअष्लीलवीडियोवनाकरब्लेकमेल किया जारहाहैऔरमुझसे 25 लाख रूपये की मांगभी की गई है। मेरे द्वारा उक्तमहिला को 02 लाख रूपयेअभीतकदियेजाचुकेहैंतथाऔरपैसे के लियेमुझे ग्वालियर के एक होटल में बुलायागया है। जहांमुझे नषीलापदार्थदेकरबेहोष करने के उपरान्तमेरेअष्लीलफोटोलेकरमुझे बदनाम करने की नियत से रूपयों की मांग की जारही है। मेरे मना करने परमेरेविरूद्ध झूठाप्रकरणदायर कराने की धमकीभीदीजारहीहै, महिला के इस कृत्य में उसकेअन्य साथीभी शामिलहैं। फरियादी की रिपोर्टपरथानाकम्पू में अप0क्र0 368/22 धारा 388,120,34 भादवि का कायमकरविवेचना में लियागया।

**बरामदमषरूका:** 02लाखरूपयेनगदतथाचारमोबाइल व अन्य दस्तावेज।

**सराहनीय भूमिका:**-उक्तहनीट्रेपगिरोह का पर्दाफाष करने में थानाप्रभारीक्राईमब्रांचनिरीक्षक दामोदरगुप्ता, थानाप्रभारीकम्पूनिरीक्षक रामनरेष यादवक्राईमब्रांचटीम-उनिनरेन्द्रसिसोदिया, सउनिराजीवसोलंकी, प्र.आर. रामबाबू सिंह, आरक्षक अभिषेकतोमर, सोनूपरिहार, अषीष शर्मा, म.आर. राखी थानाकम्पूटीम-उनिविजेन्द्र सिंह भदौरिया, सउनिदेवेन्द्र, प्र.आर. रूपेन्द्र खेर, आरक्षक अजय शर्मा, मनीषरावत, हैदरअली, इरसाद खान, म.आर. मोहिनीरावतआर. चालकश्रीनिवासकी सराहनीय भूमिकारही है।

# कर्मचारियों को खुशी तब होगी जब प्रदेश मैं पुरानी पेंशन बहाल होगी: जनक सिंह रावत

### महँगाई भत्ते का स्वागत,पुरानी पेंशन ना मिलने से निराशा

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** पुरानी पेंशन बहाली संगठन न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों का 3प्र महंगाई भत्ता बढ़ाने का स्वागत किया है साथ ही माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन बहाल करने का अनुरोध किया है श्री रावत द्वारा बताया गया कि कर्मचारियों की असली खुशी तब होगी जब कर्मचारियों की आत्मा, कर्मचारियों के जीवन भर की गई सरकारी सेवा का प्रतिफल पुरानी पेंशन कर्मचारियों को दें प्रदेश के पड़ोसी राज्यों द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर दी गई है अब मध्य प्रदेश सरकार को भी पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर देना चाहिए क्योंकि न्यू पेंशन स्कीम शेयर मार्केट आधारित योजना है जिसमें निश्चित पेंशन की गारंटी नहीं है कर्मचारी द्वारा दिए गए 10प्र अंशदान एवं सरकार द्वारा दिए गए 14प्र अंशदान का कर्मचारी और सरकार दोनों को नुकसान हैं यदि पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर दी जाए तब सरकार द्वारा 14प्र अंशदान दिया जा रहा है वह बंद हो जाएगा जिससे प्रदेश के खजाने मैं हजारों करोड़ रुपए की बचत होगी और कर्मचारियों के हित भी बने रहेंगे संगठन लाखों कर्मचारियों की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री महोदय से अपील करता है कि महंगाई भत्ता के साथ पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करें जिससे लाखों कर्मचारी अपना जीवन सम्मान पूर्वक जी सकें



# हर घर तिरंगा अभियान: आईटीबीपी के अधिकारियों एवं जवानों ने निकाली तिरंगा रैली

**अनिल कुशवाह प्रभारी**

**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** उपमहानिरीक्षक सपोर्ट वेपन ट्रेनिंग स्कूल आईटीबीपी करैरा के निर्देशन में आजादी की 75 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आईटीबीपी के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा ग्राम खैराघाट के मुख्य मार्गो में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम खैराघाट के ग्रामीणजन, आगनवाड़ी कार्यकर्ता, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्ववारा संचालित स्व सहायता समूह की सदस्य एवं स्थानीय प्रशासन उपस्थित रहा। तिरंगा रैली का समापन शासकीय माध्यमिक विद्यालय खैराघाट पर किया गया। इस मौके पर पौधे और झंडो का वितरण भी किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) करैरा के निर्देशन में शासकीय माध्यमिक विद्यालय खैराघाट पर तिरंगा रैली का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में स्थानीय प्रशासन द्वारा आईटीबीपी के जवानों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। डीआईजी द्वारा अपने उद्बोधन में आजादी एवं तिरंगा के महत्व को बताया गया। आयोजन में मुख्य रूप से आईटीबीपी एसडबल्यूटीएस करैरा के डीआईजी श्री ए.पी.एस. निम्बाडिया, श्री विक्रांत सिंह, श्री प्रवीण कुमार, आईटीबीपी करैरा के सहायक सेनानीगण श्री उदित नारायण, तहसीलदार करैरा श्री दिनेश चौरसिया, नायब तहसीलदार करैरा श्री राजेन्द्र सिंह जाटव, विकासखंड प्रबंधक एनआरएलएम श्री सुमित गुप्ता, सचिव श्री प्रमोद श्रीवास्तव, पटवारी श्री पवन कुमार साहू, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक श्रीमती सलमा देवी बैरागी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।



# तहसीलदार ने किया खाद्य बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार दबोह तहसीलदार अमित दुबे ने दबोह नगर में संचालित खाद्य बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग की टीम के साथ निरीक्षण के दौरान व्यापारियों से खाद्य बीज सम्बन्धित सवाल पूछे व दुकानदारो से दुकान के बाहर दुकान का बोर्ड व रेट सूची मय रेट के दुकान के बाहर चस्पा कराने की हिदायत दी।साथ ही उन्होंने इस दौरान खाद्य बीज की दुकानों की स्टॉक स्तिथि जांच कर पंचनामा तैयार किया।इस दौरान पटवारी राकेश नागर व कृषि विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।यहां बताना मुनासिब होगा कि वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार खाद्य बीज की दुकानों का निरीक्षण जोर पकड़े हुए है।सोमवार को भी दबोह नगर में एसडीएम आर ए प्रजापति लहार ने मय तहसीलदार अमित दुबे समेत कई दुकानों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।





# अभाविप अम्बाह इकाई के पुन: नगर अध्यक्ष आर एस राठौर एवं नगर मंत्री भुवनेश गुधेनिया बने...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अम्बाह का गठन विभाग संगठन मंत्री श्री अमन राय जी और जिला संयोजक सत्यादित्य तोमर जी की मौजूदगी में सरस्वती शिशु मंदिर में निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कराई गई सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों के द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती के पावन चरणों में पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री श्री अमन राय जी ने कार्यकर्ताओं को संगठन के बारे में बताया और कहा कि संगठन को कोई एक कार्यकर्ता चलाता नहीं चलाता है इस संगठन को शिक्षक और छात्र मिलकर चलाते हैं और जिला संयोजक सत्यादित्य तोमर ने कहा कि संगठन समाज और छात्र हित में कार्य करता है इसके उपरांत सर्वसम्मति से कार्यकारिणी की घोषणा हुई जिसमें परिषद का नगर अध्यक्ष श्री आर एस राठौर को एवं नगर मंत्री भुवनेश गुधेनिया को बनाया गया है कार्यकारिणी में नगर उपाध्यक्ष विकास राज लोहिया, राहुल गुर्जर, विष्णु चक्रवर्ती, नगर सह मंत्री रिया राजावत, मनीष राठौर, अंकित लक्षाकार, विक्रम तोमर, नगर महाविद्यालय प्रमुख मयंक श्रीवास्तव, सह महाविद्यालय प्रमुख अनुज तोमर, हर्ष श्रीवास्तव, प्रवीण राठौर, एसएफडी प्रमुख गौरव भदौरिया सह एस एफ डी प्रमुख राहुल राठौर, आकाश राठौर, ह्यद्धह्य प्रमुख विकास राठौर, सह ह्यद्धह्य प्रमुख आर्यन तोमर, रोहित राठौर, विकास कटारे, क्रीड़ा प्रमुख अरिन मिश्रा, सह क्रीडा प्रमुख विकास तोमर, अभिषेक राठौर, सौम्या तोमर कला मंच प्रमुख, निखिल राठोर, सह कला मंच प्रमुख दिलीप कुशवाह, पुष्पेंद्र तोमर, पियूष शर्मा, विद्यालय प्रमुख आनंद शर्मा, सह विद्यालय प्रमुख नितिन माथुर, शिवा शर्मा, नगर छात्रा प्रमुख कंचन शर्मा, सह छात्रा प्रमुख आस्था शर्मा, पूनम राठौर, शीतल तोमर, नगर छात्रावास प्रमुख विजेंद्र राठौर सह छात्रावास प्रमुख श्यामू शर्मा, आशीष तोमर, आशीष राठौर, सोशल मीडिया प्रमुख कान्हा पंडित, सह सोशल मीडिया प्रमुख संभव त्यागी, सौरभ जोशी एवं कार्यकारिणी सदस्य रितु ओझा, सौम्या श्रीवास, अनुराग उपाध्याय, कपिल तोमर, विष्णु कपासिया, पवन गुर्जर आदि लोगों की घोषणा हुई आभार नगर अध्यक्ष आर एस राठौर ने व्यक्त किया!



# सांसद संध्या राय ने केंद्रीय संचार मंत्री देव सिंह चौहान से मुलाकात कर नई व्यवस्था को लेकर की चर्चा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**नई दिल्ली ।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद संध्या राय ने संसदीय क्षेत्र की दूरसंचार व्यवस्था को लेकर भारत सरकार में केंद्रीय संचार मंत्री देव सिंह चौहान से मुलाकात कर संबंधित विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए समस्या को उनके संज्ञान में लाया द्य

भाजपा सांसद संध्या राय नहीं केंद्रीय मंत्री देव सिंह चौहान का संसदीय क्षेत्र की संख्या व्यवस्था पर ध्यान आकर्षित कराते हुए बताया कि भिंड और दतिया जिले में कई वर्षों से पुरानी ओल्ड टेक्नोलॉजी से टावर लगे हुए हैं जोकि मेरे संसदीय क्षेत्र के दोनों में टावर नहीं आने से संचार व्यवस्था के शहर नेटवर्क नहीं आ पाता है इसके कारण उपभोक्ताओं को सोशल मीडिया व्हाट्सएप मोबाइल अधिक लोड रहता है इसके कारण हमारा कार्य अवरुद्ध हो जाता है द्य सांसद श्रीमती राय ने संचार मंत्री चौहान को संज्ञान में लाते हुए बताया कि भिंड और दतिया जिले में जो पुरानी व्यवस्था से टावर लगे हुए हैं वहां नए उपक्रम के साथ टावर लगाए जाएं ताकि शहरी एवं ग्रामीण अंचल में नेटवर्क अच्छा कार्य करें और लोगों को कोई परेशानी ना हो द्य सांसद श्रीमती राय ने कहा कि की संसदीय क्षेत्र के ऐसे कई इलाके हैं जहां अनेक दूरी पर जिओ, आइडिया, एयरटेल, वोडा, अन्य कंपनियों की मोबाइल सिम नेटवर्क नहीं मिल पाने के कारण लोगों को मोबाइल चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है अगर संसदीय क्षेत्र में नए टेक्नोलॉजी उपकरण के साथ टावर लगाए जाएं तो बराबर नेटवर्क भी उपलब्ध होगा और हमारा कोई काम नहीं अटकेगा द्य सांसद राय ने संचार मंत्री से कहा कि अगर यह व्यवस्था के साथ संचार व्यवस्था में बदलाव किया जाता है तो निश्चित ही दोनों जिले में हमारा विकास कार्य नए आयामों से जुड़ेगा द्य उन्होंने भारत सरकार के केंद्रीय संचार मंत्री चौहान ने सांसद संध्या राय को स्थापित किया की दोनों जिले में अतिशीघ्र विभाग द्वारा सर्वे कराकर व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा




# उप पंजीयक मेहगांव के द्वारा पत्रकारों से की गई अभद्रता एवं झूठे मुकदमे में फसाने की दी धमकी..

### उपनपंजीयक रणवीर जादौन बोले में नीचे से ऊपर तक घूंस खिलाता हूँ..

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**बृजपाल सिंह गुर्जर**

**मेहगांव** - भिण्ड जिले की मेहगांव तहसील में उपपंजीयक रणवीर सिंह जादौन के द्वारा पत्रकारों से की गयी अभद्रता व शासकीय कार्य मे बाधा डालने का फर्जी मुकदमा कराने की दी धमकी, अभद्रता एवं धमकी देने से आहत पत्रकारों ने मेहगांव अनुविभागीय अधिकारी वरुण अवस्थी को एक ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। और उपनपंजीयक द्वारा पत्रकार को फर्जी मुकदमा लिखाकर जेल भेजने की धमकी दिए जाने के बाद पत्रकारों में काफी आक्रोश नजर आया है और अपनी मांगो के सम्बन्ध में पत्र के माध्यम से एसडीएम मेहगांव को सम्पूर्ण प्रकरण से अवगत कराया। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है उप पंजीयक रणवीर सिंह से परेसान लोगो की शिकायतें आ रही थी कि रजिस्ट्रार के द्वारा सर्वर की समस्या बताकर लोगो को अनावश्यक रूप से परेसान कर उनसे उल्टी सीधी रकम वसूलते है हालांकि इसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी थी जिसके बाद पंजीयक पर कोई भी कार्यवाही नही की गई इसी संबंध में हम पत्रकार लोग श्रीमान जी से मिलने पहली बार उनके आफिस पहुचे तो हम लोगो ने सर्वर समस्या के बारे में जानकारी लेनी चाही तो रजिस्ट्रार महोदय आग बबूला हो गए और 2 मिनट के अंदर पत्रकारों को कार्यालय से बाहर जाने की धमकी भी दे डाली और बोले अगर नही गए तो शासकीय कार्य मे बाधा डालने का मुकदमा दर्ज करवाके जेल की हवा खिला देंगे साथ ही रजिस्ट्रार साहब बोले, रही मेरी बात तो मेरा कोई कुछ नही विगाड़ सकता है में कलेक्टर से लेकर केंद्रीय मंत्री तक कमीशन खिलाता हूँ जिसके बाद पत्रकार वहां से चले आये और सीधे एसडीएम साहब के पास पहुचे ,और वहां पहुच पत्रकारों ने मांग की है कि उपपंजीयक के द्वारा पत्रकार के साथ की गयी अभद्रता व तानाशाही रवैये के विरुद्ध बरिष्ठ अधिकारीयों से जाँच कराये जाने की मांग की है।



# कथावाचक युवराज पाण्डेय से दुर्व्यवहार,विभिन्न धार्मिक/ साहित्यिक संस्थाओं में आक्रोश

### ओडिशा पुलिस के कानून व्यवस्था पर उठ रहा सवाल

**ब्यूरो चीफ अश्वनी अवस्थी पुष्पांजली टुडे**

छत्तीसगढ़ ओडिशा सीमा से लगे कालाहांडी जिला के कई गावों में डकैती के बाद लोगों में भारी दहसत का माहौल है!जिसके कारण लोग अपने-अपने गांवों में रतजगा कर रहे हैं!और चाकू छूरी लेकर नशे के हालत में आने जाने वाले राहगीरों को रास्ते में रोककर कर गांव की सुरक्षा कर रहे हैं!जिनके लपेटे में गत दिनों छत्तीसगढ़ अमलीपदर के सुप्रसिद्ध भागवतकार,कथावाचक आचार्य रामानुज युवराज पाण्डेय जी आ गये!वे अपने कुछेक अनुयाईयों के साथ श्री जगन्नाथपुरी धाम के यात्रा में अपने मोटरसाइकिल से निकले थे!ज्ञात हो कि आचार्य जी प्रत्येक वर्ष श्रावण मास के अवसर पर महाप्रभु के दर्शन में जाते हैं!उनके यात्रा के दरमियान ओडिशा के धरमगढ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आनेवाले ग्राम काशीबहाल में पहुचते ही वहाँ पर कुछ शराबी तत्व के लोगों ने उन्हें चोर-चोर कहकर चारों तरफ़ से घेर लिया



और अपमान भरे अनेक शब्दों से बदसलूकी की और दुर्व्यवहार किया!उक्त घटना की खबर मिलते ही छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला,ब्लाकों के धार्मिक संकीर्तन,जसगीत मंडलियों, शिक्षा परिषदों, संस्थानों एवं साहित्यिक परिषदों के पदाधिकारियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है!उन्होंने उक्त घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि साधू संतों का अपमान बर्दाश्त नही किया जायेगा,इस घटना से उनके धार्मिक आस्था पर गहरा



ठेस पहुंचा है!पुलिस प्रशासन से दोषियों पर शीघ्र अतिशीघ्र कार्यवाही की मांग किया है! इतना ही नही बल्कि ओडिशा पुलिस प्रशासन के लचर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि क्यों ओडिशा पुलिस ने डकैतों को पकड़ने समुचित व्यवस्था नही कर पायी!जिसके कारण ग्रामीणों को चाकू,छुरी और हथियार बंद होकर नशे के हालत में रतजगा करना पड़ रहा है!जिनके गलतियों के कारण साधू संतों,कांवरियों और आने जाने वाले,बेकसूर राहगीरों को प्रताड़ित होकर परेशान होना पड़ रहा है!ओडिशा पुलिस को इस मामले में शीघ्र संज्ञान लेना चाहिए,कि नशापान करने वाले कैसे सरेआम कानून को अपने हाथ में लेकर घुम रहे हैं!आचार्य युवराज पाण्डेय से हुए उक्त घटना की कड़ी निंदा करने वाले संस्थाओं व पदाधिकारियों में प्रमुखरूप से मुन्नालाल देवदास, जिलाध्यक्ष हिन्दी साहित्य भारती गरियाबंद,प्यारेलाल दूबे वरिष्ठ मानस टीकाकार आदर्श रामायण मंडली अमलीपदर, उमेश श्रीवास जिलाध्यक्ष राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी टीचर फोरम गरियाबंद, श्रवण कुमार साहू तुलसी के राम मानस मंडली सुन्दरकेरा राजिम गौरीशंकर सिरफिरा विश्व हिन्दू परिषद देवभोग,वीरेंद्र साहू वरिष्ठ साहित्यकार एवं मानस टीकाकार,विनोद गोयल÷अश्क़ बस्तरी÷संयोजक रत्नांचल जिला साहित्य परिषद गरियाबंद, प्रेमराव वाघे आदर्श रामायण मंडली अमलीपदर,केशरी खरसैल संचालक कला संकीर्तन मंडली एवं छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन मैनपुर,अवतार सिन्हा अध्यक्ष मां शारदा जयगीत मंडली अमलीपदर, पदुराम यादव संचालक बोलबम कांवरिया समिति परिक्षेत्र कांदाडोंगर,सर्व सेन समाज परिक्षेत्र कांदाडोंगर,आदि शामिल हैं!

## ग्रामपंचायत सकरिया में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचो का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

**ब्यूरो हरिचरण प्रजापति, पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना। ककरहटी–** पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सकरिया में प्रशासन के निर्देशानुसार पंचायत भवन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजन किया गया! जिसमे सरपंच उपसरपंच



एवं पंचो ने प्रशासन के निर्देशानुसार शपथ ली उक्त आयोजन में नवनिर्वाचित सरपंच गोविंदी चौधरी द्वारा संकल्प पत्र वाचन कर ग्राम के सर्वांगीण विकास एवं न्याय की भावना एवं गरीव पिछड़े वर्ग के विकास के लिए हर संभव मदद करने एवं ग्राम के विकास कार्यों में पूरी ईमानदारी से सहभागिता निभाने का संकल्प लिया ! इस दौरान सचिव लोकेन्द्र सिंह यादव पूर्व सरपंच बहादुर सिंह पूरन सिंह स्वामीदीन बुद्ध सिंह जगत सिंह पत्रकार अशोक विश्वकर्मा कमलेश आदिवासी नवनिर्वाचित सरपंच गोविंदी चौधरी उपसरपंच फूलबाई यादव पंच हिम्मत सिंह पूना बाई मालती देवी रामबाई लक्ष्मी प्रसाद गायत्री यादव एवं अन्य पंच सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें!

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया




**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया।** पुलिस अधीक्षक कार्यलय दतिया में श्रीमान पुलिस अधीक्षक दतिया द्वारा जिला पुलिस बल दतिया से दिनांक 31.07.2022 को पुलिस विभाग को अपनी अमूल्य सेवायें प्रदान करते हुए अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुये कार्यवाहक उपनिरीक्षक श्री कमलेश रजक, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक श्री भगवतशरण सिद्ध, श्री हरीमोहन यादव, श्री अवधेश सिंह, रमेशचंद्र शर्मा, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक श्री बलवीर सिंह, श्री प्रकाशचंद्र एवं घनश्याम दास को शुभकामना संदेश,प्रशस्ति पत्र एवं शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के सेवा निवृत्त उपरांत आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दतिया श्री कमल मौर्य, रक्षित निरीक्षक श्री रविकांत शुक्ल एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा

## जैतारण परगना समिति के नवीन कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न



**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली :–** जैतारण दिनांक 1-08-2022 सोमवार को सीरवी किसान छात्रावास जैतारण में हुई आमसभा में सीरवी समाज परगना समिति जैतारण कि नवीन कार्यकारिणी सदस्यों का गठन हुआ, जिसमें चुनाव संरक्षण रामलाल सानपुरा, पूर्व प्रधान मलाराम चोयल, पूर्व उप जिला प्रमुख गुणाराम सीरवी की मौजूदगी में संपन्न हुआ।इनके द्वारा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया । जैतारण पट्टी मैं चुने गए नवीन कार्यकारिणी सदस्यों की सूची संरक्षक रामलाल सानपुरा,मल्लाराम चोयल ,गुणाराम सोलंकी ,अध्यक्ष हणुतराम बरफा,पृथ्वी पूरा, जैतारण उपाध्यक्ष नारायण सिंह बरफा, जैतारण कोषाध्यक्ष होमाराम लचेटा जैतारण सचिव तेजाराम चोयल बिरोल आयोजन सचिव मोहनलाल सिंदरा हुनावास खुर्द सदस्य -जयराम सोलंकी पाटवा, कालूराम हांबड़ भाकरवास, नाथूराम राठौड़ राजदंड, मांगीलाल गहलोत चावंडिया, केसाराम हांबड़ आगेवा, पूनाराम पंवार देवरिया।अध्यक्ष हणुतराम बर्फा ने सभी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उन्होनें कहा की में आशा करता हूं जरूर आप समाज कल्याण एवं हितेषी कार्य करेंगे, शिक्षा संस्कार एवं संगठन के लिए आप जरूर कर्तव्य से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे, जिनको भी पद मिला है आप उन पद की गरिमा बनाए रखेंगे एवं सबका साथ सबका विकास के मंत्र से आप समाज का विकास जरूर करेंगे ।ये जानकारी जितेंद्र सेणचा द्वारा दी गई।

## राजगीर की महिलाओं ने लगाई मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार,राजगीर में नहीं मिल रहा दो महीने से राशन राशन वितरण में धांधली का आरोप

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**बंगरा झांसी/** जनपद में एक बार फ़िर से कोटेदार का घटतोली का मामला प्रकाश में आया ग्राम राजगिर में महिलाओं ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार लगाई है। बता दे की मामला झांसी जनपद की तहसील टहरौली के अंतर्गत ग्राम राजगिर में करीब तीस महिलाओं ने कोटेदार के खिलाफ आवाज उठाई है महिलाओं का कहना है की कोटेदार द्वारा गेंहू चावल में जितना राशन मिलना चाहिए उतना नहीं दिया जाता उस में से भी तोल कम कर के दी जाती है और 2 महीनो का राशन गोल कर दिया है ।



महिलाओ ने बताया कि बिगत दो माह से गाँव मे राशन नहीं बांटा गया है साथ ही जब बंटता है जमकर घटतौली की जाती है। सरकार द्वारा मुफ्त में राशन गरीब लोगो को बाटने के लिए दिया जाता है लेकिन बाटना तो दूर लोगो को भगा दिया जाता है कोटेदार की मनमानी सामने देखने को मिल रही है अब देखना होगा की झांसी जिलाधिकारी इस प्रकरण में क्या कार्यवाही करेंगे । गाँव की प्रदर्शन करने बाली महिलाओं में कस्तूरी देवी रति देवी मोती कमला मीरा जयंती गोमती मिथला रजलू हरकुवर बेनीबाई बेटी सोयन्ति सविता कलपनी कलावती रति उमेश सन्ति भगवानदास गणेश डलू राजेश सरमन अमर सिंह महेश प्रसाद कुंवर लाल अखलेश सहित कई ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुये राशन वितरण समस्या के निदान की मांग की है। खाद्य पूर्ति निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि राजगीर में पहले दो राशन की दुकानें थी लेकिन कुछ समय पहले एक दुकानदार ने अपनी दुकान सरेंडर करते हुये उसको बंद कर दिया था, इस बार राशन उठान में देरी होने की बजह से समस्या सामने आई है एवं राशन वितरण हेतु कोटेदारों को समय कम मिला। दो माह राशन न मिलने की जानकारी जुटाई जा रही है जल्द समाधन किया जाएगा।

## अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव पारा का पुरा में आजादी के 74 वर्षों बाद भी नहीं है मुक्तिधाम,

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**भिंड/** ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव जीतू लोधी ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री अरविंद भदौरिया के गृह




क्षेत्र अटेर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव परा पुरा का पुरा मैं आजादी के 74 वर्षों बाद भी श्मशान घाट नहीं बनवाया गया है द्य गांव में किसी की मौत हो जाने पर आज भी गांव के बाशिंदे शव को खेतों में रखकर दाह संस्कार करते हैंद्य बीते रोज गांव के ही युवक उदयभान सिंह पुत्र लालजीत के बेटे की पैर फिसलने के कारण कुएं में गिरकर मौत हो गई थी बहुत ही दुखद घटना है कि मृतक शरीर का दाह संस्कार करने के लिए गांव में श्मशान घाट ही नहीं था ज़ब ओबीसी महासभा के महासचिव जीतू लोधी ने स्थानीय लोगों से बात की तो लोगों ने बताया कि गांव के ही खेत में रखकर सब का अंतिम संस्कार कियाद्य गांव के बाशिंदे बताते हैं कि आज तक तमाम सरपंच बने विधायक बने मंत्री बने लेकिन किसी जनप्रतिनिधि ने गांव की तरफ ध्यान नहीं दिया है गांव के विकास के नाम पर सरपंच सचिव ने जमकर गोलमाल किया है।

## पत्रकार को पत्रकारिता करना पड़ रहा महंगा मिल रही जान से मारने की धमकी


### थाना प्रभारी को 2 बार आवेदन देने के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाही

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैं आवेदन देने आए हरिओम परिहार पुत्र कल्याण सिंह परिहार उम्र 32 साल निवासी पहाड़ाखुर्द का रहने वाले हरिओम ने बताया कि वह खनियाधाना मैं रहकर पत्रकारिता का काम करता हैं उसके ऊपर आये दिन उसी के गांव के कुछ लोग अमरू जाटव, जहारसिंह जाटव, वीरन जाटव, पप्पू जाटव, गेंदालाल जाटव झूठे केश में फसाने की धमकी देते हैं तथा अपने लोगो से कहते हैं कि अगर हरिओम कहीं मिल जाये तो पकड़ कर जान से मार दो या इसके हाथ पैर काट दो गांव मौहल्ले में आकर जातीसूचक गाली गलौच करते हैं हरिओम जब भी शासकीय उचित मुल्य की दुकान पर जाता हूं तो वह हरीओम से लडने पर उतारू हो जाते हैं तथा मुझे कन्ट्रोल पर आने से रोकते हैं। लगातार मिल रही



प्रति,
श्रीमान थाना प्रभारी महोदय
थाना मायापुर जिला शिवपुरी (म0प्र0)
महोदय
निवेदन है कि मैं प्रार्थी हरिओम परिहार पुत्र कल्याण सिंह परिहार उम्र 32 साल निवासी पहाड़ाखुर्द का रहने वाला हूं तथा पत्रकारिता का काम करता हूं और मेरे ऊपर आये दिन अमरू जाटव ,जहारसिंह जाटव वीरन जाटव पप्पू जाटव,गेंदालाल जाटव झूठे केश में फसाने की धमकी देते हैं तथा कहते हैं कि अगर ये कहीं मिल जाये तो पकड़ कर जान से मार दो या इसके हाथ पैर काट दो गांव मौहल्ले में आकर जातीसूचक गाली गलौच करते हैं मैं जब भी शासकीय उचित मुल्य की दुकान पर जाता हूं तो वह मुझसे लडने पर उतारू हो जाते हैं तथा मुझे कन्ट्रोल पर आने से रोकते हैं।
अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि इन लोगों पर उचित कार्यवाही करने की कृपा करें अगर मेरे साथ कोई घटना घटित होती है तो इनकी ही जिम्मेदारी रहेगी।
प्रार्थी
हरिओम परिहार पुत्र कल्याण सिंह परिहार
उम्र 32 साल निवासी पहाडाखुर्द
मो0नं0 7898002675



प्रति,
श्रीमान थाना प्रभारी महोदय
थाना मायापुर जिला शिवपुरी
महोदय,
निवेदन है दिनांक 23.07.22 को मेरे गांव के अमरू जाटव , जाहर सिंह जाटव
अमरू जाटव, वीरन जाटव पुत्र अमरू जाटव, पप्पू जाटव पुत्र कम्मोदी जाटव, गेंदालाल जाटव
अमरू जाटव ने मेरे साथ झगड़ा किया था जिसकी मैंने थाने पर रिपोर्ट भी की थी उसी पुराने वि
को लेकर आज दिनांक 29.07.22 को अमरू जाटव , जाहर सिंह जाटव पुत्र अमरू जाटव, वी
जाटव पुत्र अमरू जाटव, पप्पू जाटव पुत्र कम्मोदी जाटव, गेंदालाल जाटव पुत्र अमरू जाटव
अशोक जाटव पुत्र हल्लू जाटव सभी लोग मुझे मिले और मुझसे नाम लेकर गाली गलौज की
बोले कि इसे कुल्हाड़ी से काटकर फेंक दो यह लोग मुझे गांव से भगाने की बोलते है मैं कहीं भी जा
हूं तो यह लोग छिपकर मेरा पीछा करते है ये सभी कभी भी मेरे साथ कोई बड़ी घटना कर सकते
अगर मेरे साथ कोई घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी इन्ही लोगों की है।
अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि उपरोक्त सभी लोगों पर कार्यवाही करने की कृपा करें
दिनांक-29.7.2022
प्रार्थी
हरिओम परिहार पुत्र कल्याण सिंह परिहार
उम्र 32 साल निवासी ग्राम पहाडाखुर्द
मो.नं.7898002675

धमकियों के बारे में संबंधित थाने में आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया लेकिन आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही थाना प्रभारी द्वारा नहीं की गई थाना प्रभारी महोदय से जब बात की गई तो वह कहते हैं की पानी में रहकर मगर बच्चे बैठ नहीं करना चाहिए और यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं इसलिए आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैं आकाश आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती तो हरिओम के द्वारा आगे और शिकायत की जाएगी

## बैंक के द्वारा एक साथ नही किया जा रहा गेंहू के पैसों का भुगतान लगवाते हैं चक्कर



**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**खबर जिले के कलेक्ट्रेट परिसर मैं आज हुई जन सुनवाई मैं आवेदन देने आई शिवकुमारी लोधी पत्नी सिरनाम लोधी निवासी ग्राम बम्हारी तहसील करैरा ने बताया कि उसने टीला सोसायटी में गेहूं डाले गए थे जिसका भुगतान 1 लाख 37 हजार रूपए का होना था किंतु उक्त रूपयों का भुगतान सहकारी बैंक मर्या. शिवपुरी शाखा करैरा द्धारा एक बार में नहीं दिया जा रहा है। दो-दो हजार रूपए करके दिया जा रहा है जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिवकुमारी ने बताया कि वह महिला है तथा रूपए निकालने के लिए किसी को साथ लाना पड़ता है और एक चक्कर में 200 रूपए का पेटोल खर्च होता है जिस व्यक्ति को साथ लेकर आते हैं उसे भी 300 रूपए मजदूरी के देने पड़ता है। अभी तक मात्र37 हजार रूपए बैंक द्धारा दिए गए है। इसलिए भुगतान को एक बार में दिलवाएं।

# वार्ड 33 से निर्दलीय पार्शद श्रीमती सुनीता अरूण कुषवाह कॉग्रेस में षामिल

**ग्वालियर।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 33 से निर्दलीय पार्शद श्रीमती सुनीता अरूण कुषवाह आज षहर जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र षर्मा की मोजूदगी में कॉग्रेस में षामिल हो गयीं। इस मौके पर महापौर डॉ. श्रीमती षोभा सतीष सिकरवार, विधायक प्रवीण पाठक, विधायक डॉ. सतीष सिकरवार, प्रदेष कॉग्रेस के महासचिव सुनील षर्मा आदि मौजूद रहै।







ललितपुर कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय में निर्दलीय पार्शद श्रीमती सुनीता अरूण कुषवाह बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ पहुँची और कॉग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर श्रीमती सुनीता अरूण कुषवाह ने कहा कि हम अपने क्षेत्र में विकास कराने का वायदा करके चुनाव जीते है और क्षेत्र का विकास व प्रगति हमारा लक्ष्य है। हम समझते है कि कॉग्रेस के साथ रहकर ही हम अपने क्षेत्र का विकास जन-भावनाओं के अनूरूप करा पायेंगे। इस मौके पर महापौर डॉ. षोभा सिकरवार एवं जिला अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र षर्मा ने कॉग्रेस में षामिल हूये सभी गणमान्य नागरिक जनों एवं पार्शद को कॉग्रेस का दुपटटा और पुश्पहार पहनाकर स्वागत किया। महापौर डॉ. षोभा सिकरवार ने कहा कि 66 वार्डो कि विकास को हम दलगत भावनाओं से उपर उठकर गति प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष कृश्णराव दीक्षित, बरिश्ठ नेता अलवेल सिंह घुरैया, षरद यादव, महेष कुषवाह, पार्शद अवधेष कौरव, अंकित कठठ्ल, सुरेन्द्र साहू, विनोद सिंह कुषवाह, संतोश सिंह कुषवाह, जयदेव गड़ोरी, राजेष पाल, सोमेष कुषवाह, लक्ष्मीनारायण प्रजापति, प्रिंस कुषवाह, सुमित कुषवाह, कुनाल प्रजापति मथुरा प्रसाद प्रजापति रमन मिश्रा रामवीर चौहान आकाष कुषवाह, प्रमोद कुषवाह, मख्खन प्रजापति, नीरज कुषवाह संजय कुषवाह षुभम पवैया नितिन कुषवाह प्रवीण कुषवाह विवेक कुषवाह सहित पार्शद के साथ बढ़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहै।



## 11 वीं कला संकाय में अध्यनरत भीमेश ने पुस्तक कॉपी मिलने से मिली खुशी- मुरलीधर सिन्हा

**ब्यूरो चीफ अश्वनी अवस्थी पुष्पांजली टुडे**

**गरियाबंद–** आज मार्केटिंग सोसायटी गरियाबंद के अध्यक्ष इस क्षेत्र के समाज सेवक मुरलीधर सिन्हा ने विकासखंड गरियाबंद के ग्राम चिखली के निवासी ने बताया कि गैंदलाल गंधर्व ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में अपने सुपुत्र भीमेश गंधर्व 11 वीं कला में पढ़ रहे के लिए अपने माली हालत और गरीबी के चलते पुस्तक कॉपी स्टेशनरी सहयोग की माँग करने पर आज 11 वीं कला संकाय के समस्त पुस्तक, कॉपी एवं अन्य स्टेशनरी खरीदकर विद्यालय में संस्था प्रमुख व शिक्षकवृन्द के सम्मुख विद्यार्थी को प्रदान किया जिसे विद्यार्थी भीमेश गंधर्व पाकर बहुत खुश हुआ । इस अवसर भाजपा जिला गरियाबंद महामंत्री अनिल चन्द्राकर, प्राचार्या श्रीमति वन्दना पांडेय, व्याख्याता रघुनाथ साहू, पूर्व जनपद सदस्य शेषनारायण गजभिए एवं संस्था शिक्षकगण विद्यार्थी उपस्थित थे । संस्था प्रमुख श्रीमति वन्दना पांडेय ने दानदाता मुरलीधर सिन्हा जी एवं सहयोगियों के आभार व्यक्त किया ।



## सीएम राइज सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उद्यमिता सम्मेलन कार्यशाला आयोजित

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**ग्वालियर।** आज दिनांक 2 अगस्त 2022 को शासकीय सीएम राइज सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्वालियर में उद्यमिता सम्मेलन कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें *मुख्य वक्ता श्री एसके दीक्षित जी* प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल तथा *मुख्य अतिथि श्री डीके चौरसिया जी सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र ग्वालियर* ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी दी इसमें स्वरोजगार के लिए ?5000000 तक का लोन कम ब्याज पर दिया जाता है, के लिए प्रोत्साहित किया। *अध्यक्षता सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य श्री जितेंद्र भदोरिया जी* ने की भूमिका राकेश शर्मा ने रखी, कार्यक्रम का संचालन कुमारी प्रियंका निराला जिला महिला कार्य प्रमुख ग्वालियर ने किया तथा आभार लोकेंद्र राजपूत ने किया, सत्येंद्र जी सिकरवार ने बच्चों एवं टीचिंग स्टाफ को स्वदेशी पत्रक भेंट किया इस कार्यक्रम में लगभग 90 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जिले में पौधरोपण का महाअभियान आज

# कलेक्टर ने बैठक लेकर की तैयारियों की समीक्षा

## लाल टिपारा के समीप होगा मुख्य आयोजन



ग्वालियर। ग्वालियर जिले में भी संभाग के अन्य जिलों के साथ 3 अगस्त को वृक्षारोपण का महाअभियान आयोजित होगा। जिले का मुख्य आयोजन इस दिन प्रात- 9 बजे से यहाँ लाल टिपारा के समीप आयोजित होगा। जिसमें सरकार व समाज की भागीदारी से लगभग 3 हजार पौधे एक साथ रोपकर धरती को हरीतिमा की चादर ओढ़ाई जायेगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी इस अभियान से वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस सिलसिले में मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में जानकारी दी कि लाल टिपारा में आयोजित होने जा रहे जिले के मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ शहर के हर वार्ड व जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 75 - 75 पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की पहल पर ग्वालियर जिला सहित संभाग के सभी जिलों में सम्पूर्ण समाज की भागीदारी से यह पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री इच्छित गढ़पाले व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे सहित शहर के अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की भी हुई समीक्षा

बैठक में 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारियों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने एवं राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से यह अभियान आयोजित हो रहा है। अभियान की सफलता के लिये व्यापक स्तर पर जन जागरूकता गतिविधियाँ चलाएँ। सभी शासकीय सेवक भी अपने-अपने घरों में राष्ट्रध्वज अवश्य फहराएँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने कहा कि पुलिस बल भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभायेगा। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने बैठक में कहा कि ग्वालियर शहर में हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने बैठक में जानकारी दी कि 11 से 17 अगस्त तक अभियान चलाया जायेगा। जिसके अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक हर घर में राष्ट्रध्वज फहराया जायेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि ग्वालियर शहर में घर - घर तिरंगा पहुँचाने के लिये वार्डवार टीमें बनाई गई हैं।

## अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी-पंडाल की सज्जा करें

ग्वालियर। गणेशोत्सव तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने माकूल प्रबंध किए हैं। कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाँकियों में बिजली साज-सज्जा नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें।

**अस्थाई कनेक्शन लेने हेतु क्या करें**

निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए बिजली कंपनी के श्वह्न-ह्वह्य.द्बश्च5.द्वठ्ठ अथवा क्क्ष्ठ्ठ.श्चश्च अथवा ह्न्द्रह्वह्य श्वश्वह्लह्वह्य पर अस्थाई कनेक्शन के लिए आवेदन करें। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन के साथ संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएँ।

आवेदन में दर्शाए अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा करा कर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल/झाँकी के सामने लगाएँ। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज-सज्जा के लिए न करें।

विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन के लिए लागू घरेलू दर पर की जाएगी। झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनाधिकृत तरीके से विद्युत का उपयोग न करें।

अनाधिकृत विद्युत उपयोग करने पर इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत उपयोगकर्ता एवं जिस विद्युत ठेकेदार से कार्य कराया गया है, उनके विरूद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। अनाधिकृत विद्युत उपयोग की दशा में संबंधित विद्युत ठेकेदार के लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

# सांसद शेजवलकर ने बहांगी खुर्द पहुंचकर कांवड यात्रियों के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की



ग्वालियर। ग्वालियर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने ग्राम बहांगी खुर्द पहुंचकर सड़क हादसे में दिवंगत हुए कांवड यात्रियों के परिजनों से भेंटकर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद श्री शेजवलकर ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुखद समय में वह उनके साथ में है और वह पीड़ित परिजनों को सरकार की ओर से आर्थिक राहत एवं योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव मदद करेंगे। उल्लेखनीय है कि कांवर लेकर लौट रहे ग्वालियर जिले के बहांगी खुर्द निवासी 6 युवकों की हाथरस के पास हुई दुखद सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इस अवसर पर सांसद श्री शेजवलकर के साथ भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री प्रदुम्न सिंह पटेल जी और श्री राघवेन्द्र शर्मा जी उपस्थित थे।

# जीवन में किया हुआ छोटा सा भी सुकृत बहुत फलदाई होता है: मुनिश्री



## प्रदीप जैन परिवार आगरा को मंत्र जाप मंगल कलश मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ

ग्वालियर। संसार के रंग राग में हम इतने व्यस्त हैं कि आत्म कल्याण की बातें भूल चुके हैं पहले के काल में घर-घर में संस्कार था। गाय, स्वान, गरीब यह सब के लिए रोटी बनती थी परंतु वर्तमान में क्या यह संस्कार बचे हैं नहीं बचे हैं। आधुनिक वातावरण में हम सोच रहे हैं सामग्री हमारे पास ज्यादा है साधन हमारे पास ज्यादा है तो हम सुखी हैं। सत्य में तो हम साधन सामग्री से सुखी हो रहे हैं लेकिन पुण्य के क्षेत्र में खाली हो रहे हैं। पाप प्रवृत्तियों में नियंत्रण लाना होगा और पुण्य की प्रवृत्ति में वृद्धि लानी होगी। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के तत्वावधान में 48 दिवसीय श्री भक्तामर महामंडल विधान के सातवें दिन मंगलवार को माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि मन में शुभ विचार आता है उसी समय शुभ विचार का अमल कर देना चाहिए क्योंकि मन चंचल है जीवन में किया हुआ छोटा सा भी सुकृत बहुत फलदाई होता है।पुण्य और परमात्मा को की हुई प्रार्थना का फल हमारी सोच से परे है। अत- प्रार्थना और पुण्य के कार्य नित्य कीजिए। छोटी सी चिंगारी को निमित्त नहीं मिलता तो वह शांत हो जाती है। वैसे ही जीवन में पाप प्रवृत्ति पर नियंत्रित कीजिए अन्यथा पाप प्रवृतियां जीवन में बढ़ती जाएगी और आत्मा की दुर्गति होगी। मुनिश्री विनय सागर महाराज का मंत्र जाप मंगल कलश श्री प्रदीप जैन आगरा परिवार को लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कमेटी मुख्य संयोजक मनोज जैन कॉलेज, राजेश जैन लाला ने प्रदीप जैन आगरा का दुपट्टा माला पहना कर सम्मानित किया।

# ग्वालियर को हरा-भरा व स्वच्छ शहर बनाने के लिये निगमायुक्त ने दिलाई शपथ

### अंकुर अभियान के तहत पौधारोपण कर वितरित किये पौधे




ग्वालियर। स्वच्छता संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने कहा कि हरा भरा ग्वालियर बनाये रखने के लये हमें प्लाष्टिक मुक्त शहर व स्वच्छ ग्वालियर बनाना होगा। इसके लिये सबसे ज्यादा पेड लगायें व अपने दैनिक उपयोग या अन्य सामान बाजार से घर लाने के लिये कपडे के थेले का ही उपयोग करें। तभी हमारा ग्वालियर प्रदूषण मुक्त व हराभरा रह सकता है। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को पॉलिथीन मुक्त ग्वालियर हेतु शपथ दिलाकर आह्वान किया, कि प्रत्येक बच्चा नगर के स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगा नगर को हरा भरा बनाने में अपना योगदान देगा। पर्यावरण सचेतक अभियान समिति के द्वारा महाराज बाड़े पर नगर निगम ग्वालियर एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से समाज में पॉलिथीन के बहिष्कार एवं हरे-भरे ग्वालियर एवं स्वच्छ ग्वालियर हेतु बच्चों की मानव श्रृंखला बनाकर नगर वासियों का आह्वान किया गया। इस अवसर पर लगभग 1000 स्कूली बच्चों के द्वारा मानव श्रंखला बनाई गई । नगर निगम व अन्य संस्थाओं के सहयोग से प्रत्येक बच्चे को एक पौधा एवं एक कपड़े का थैला प्रदान किया गया। जिससे बच्चे अपने घर पर जाकर पौधे का अपने परिवार के साथ रोपण करें एवं शासन के द्वारा चलाए जा रहे अंकुर अभियान के अंतर्गत वायु ऐप पर जाकर अपना फोटो अपलोड करके अपना रजिस्ट्रेशन कराएं।

# कारोबारी का न्यूड वीडियो शूट कर मांगे 25 लाख

### ग्वालियर में गुजरात की गैंग ने कोल्डड्रिंक में नशीली चीज मिलाकर पिलाई



ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी को व्हाट्सएप के माध्यम से कॉल कर अश्लील वीडियो बनाकर लोगों को ब्लेकमेल करने संबंधी सूचनाएं लगातार प्राप्त हो रही थी। कल पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को सूचना प्राप्त हुई कि फरियादी नरेन्द्र जैन निवासी नरवर जिला शिवपुरी से अश्लील वीडियो बनाकर ब्लेकमेल कर लाखों रूपये ठगने वाले गिरोह के सदस्य थाना कम्पू स्थित गोल्डन ब्लेज होटल के रूम नम्बर 304 में ठहरे हुए हैं। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर(दक्षिण) श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश डण्डोतिया को क्राईम ब्रांच तथा थाना कम्पू पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर उक्त हनीट्रैप के मामले में ब्लेकमेल करने वाले गिरोह की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया गुजरात की हनी गर्ल ने एमपी के कपड़ा कारोबारी को अपने जाल में फंसाया और फिर वीडियो बनाकर 25 लाख रुपए की डिमांड की। कारोबारी ने 2 लाख रुपए दे भी दिए, फिर भी हनीट्रैप गैंग उसे ब्लैकमेल कर रही थी। खास बात ये है कि गैंग का मास्टरमाइंड पीड़ित कारोबारी का दोस्त ही है। फिलहाल पुलिस ने गैंग की महिला सदस्य और पीड़ित के दोस्त समेत 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपी गुजरात में रहते हैं।

नरेंद्र कुमार जैन कपड़ा कारोबारी हैं। वे शिवपुरी के नरवर के रहने वाले हैं। कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर ममता नाम की लड़की से उनकी पहचान हुई थी। दोनों में बात होने लगी। ममता ने कारोबारी को सोमवार को ग्वालियर के कंपू इलाके में गोल्डन ब्लेज होटल में मिलने बुलाया। यहां उन दोनों ने कोल्डड्रिंक और स्नैक्स लिया। कोल्डड्रिंक पीने के बाद कारोबारी बेहोश हो गया। जब वह होश में आया तो महिला के साथ 4 लोग और खड़े थे। वे उसके न्यूड फोटो-वीडियो शूट कर रहे थे। यह फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगे। गैंग ने 25 लाख रुपए की मांग की थी। घबराकर कारोबारी ने 2 लाख रुपए दे भी दिए। इसके बाद भी आरोपी लगातार उसे धमका रहे थे।

### होटल की घेराबंदी कर पकड़ी गैंग

आरोपी कारोबारी को पैसे के लिए ब्लैकमेल कर रहे थे, इस दौरान कारोबारी पैसों का प्रबंध करने के बहाने किसी तरह होटल से निकला और पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने कारोबारी की शिकायत पर कंपू स्थित गोल्डन ब्लेज होटल के रूम नंबर 304 से गुजरात की हनीट्रेप गैंग पकड़ी है। इसमें तीन लड़के व एक लड़की है। लड़की का नाम ममता निवासी बिहार हाल निवासी गुजरात है।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यप्रदेश ट्रांसको का ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर प्रोजेक्ट पूर्ण

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि जर्मनी के के.एफ.डब्ल्यू बैंक द्वारा वित्त पोषित प्रोजेक्ट का अंतिम कार्य गत दिवस मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने पूरा कर लिया है। इसमें 400 के.व्ही. आष्टा -उज्जैन डबल सर्किट लाइन ऊर्जीकृत की गई। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि पूरे देश में गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों से उत्पन्न बिजली के सहज ट्रांसमिशन के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर बनाने के लिए कुछ राज्यों में से मध्यप्रदेश को भी चुना गया था। कुल प्रोजेक्ट 2100 करोड़ रूपये में से 840 करोड़ रूपये का लोन जर्मनी के बैंक के.एफ.डब्ल्यू ने स्वीकृत किया था। इन कार्यों को मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने निर्धारित लक्ष्य से पहले ही पूरा कर दिखाया। इस प्रोजेक्ट की प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सतत् मॉनिटरिंग भी की जा रही थी। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता इंजी. एम. एम. ढ़ोके ने बताया कि इस स्कीम में प्रदेश में 400 के.व्ही. के तीन सब-स्टेशन, 220 के.व्ही. के सात सब-स्टेशन, 400 के.व्ही. की 5 डबल सर्किट लाइनें, 220 के.व्ही. की 15 डबल सर्किट लाइनें तथा 132 के.व्ही. की 26 डबल सर्किट की कुल 2773 सर्किट किलोमीटर अति उच्च दाब लाइनें निर्मित की गईं। इस स्कीम से 400 के.व्ही. की 1890 एम.व्ही.ए. क्षमता, 220 के.व्ही. में 2400 एम.व्ही.ए. क्षमता तथा 132 के.व्ही. में 498 एम.व्ही.ए. कुल 4788 एम.व्ही.ए. अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मेशन की क्षमता मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के ट्रांसमिशन में नेटवर्क में जोड़ी गई।

**कार्य किए गए**

ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर स्कीम में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने सागर, उज्जैन तथा मंदसौर में 400 के.व्ही. के सब-स्टेशन, सेंधवा, कानवन, जावरा, सैलाना, गुड़गाँव, रतनगढ़ तथा नलखेड़ा में 220 के.व्ही. के सब-स्टेशन तथा 132 के.व्ही. के दो अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किये हैं।

### वन-वे मार्गों का कड़ाई से पालन कराएँ - कलेक्टर

**शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम व सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुए अहम निर्णय**

ग्वालियर। शहर के सभी 19 एकांगी मार्गों (वन-वे) पर कड़ाई से यातायात व्यवस्था का पालन कराएँ। वन-वे सड़कों पर आईआरसी (इंडियन रोड कॉंग्रेस) के मापदण्डों के अनुसार ÷वन-वे÷ मार्ग के शाइन बोर्ड लगवाएँ। साथ ही वन-वे का पालन कराने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहे। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिये अहम निर्णय लिए गए। मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री इच्छित गढ़पाले व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे सहित शहर के अनुविभागीय दण्डाधिकारी, यातायात पुलिस के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने बैठक में कहा कि वन-वे का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालान की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सीसीटीव्ही कैमरों के आधार पर भी वन-वे का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के घर पर चालान भेजे जायेंगे। बैठक में बताया गया कि पूर्व में दी गई सूची के आधार पर शहर की सड़कों से विद्युत पोल व्यवस्थित कर दिए गए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यदि शहर की सड़कों पर यदि अभी भी कोई विद्युत पोल सड़क में बाधा डाल रहे हैं तो उनकी सूची उपलब्ध कराएँ, जिससे उन विद्युत पोलों को भी व्यवस्थित कराया जा सके। बैठक में शहर में पर्याप्त संख्या में पार्किंग स्थापित करने सहित यातायात को बेहतर बनाने के लिये अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### शिशुओं के लिये सुरक्षा कवच है स्तनपान

**विश्व स्तनपान सप्ताह में दी जा रही महत्वपूर्ण जानकारी**

ग्वालियर। शिशुओं के लिये स्तनपान सुरक्षा कवच है । नवजात शिशु को 6 माह तक सिर्फ माँ का दूध देना चाहिये। विश्व स्तनपान सप्ताह में विभिन्न माध्यमों से यह संदेश दिया जा रहा है। विश्व स्तनपान सप्ताह में स्वास्थ्य और महिला-बाल विकास विभाग के समन्वय से विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं। शासकीय अस्पतालों में भर्ती माताओं को स्तनपान प्रोत्साहन संबंधी जानकारी दी जा रही है। सामुदायिक प्रेरकों द्वारा स्तनपान के प्रेरणादायक अनुभवों को भी शेयर किया जा रहा है। जिला और ब्लॉक स्तर पर विभिन्न पोषण और प्रसव केन्द्रों में पदस्थ मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टॉफ द्वारा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है। विकासखण्ड स्तर पर आशा, आशा सहयोगिनी, एएनएम और आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम समुदाय में स्तनपान को बढ़ावा देने के लिये संदेश प्रसारित कर रही है। समुदाय में गठित मातृ समूहों, स्वास्थ्य ग्राम तदर्थ समिति की महिला प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों और धात्री माताओं को स्तनपान के लाभ बताये जा रहे हैं। स्तनपान के प्रति जागरूकता का कार्य 7 अगस्त तक जारी रहेगा।

### ओरल हाइजीन वीक के अंतर्गत छात्राओं के लिए शिविर आयोजित

ग्वालियर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, ग्वालियर और मिशन पिंक हेल्थ आई.एम.ए. ग्वालियर द्वारा ओरल हाइजीन वीक के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लोको हजीरा पर निशुल्क दंत मुख परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना पाठक ने छात्राओं के दांतो का परीक्षण किया गया एवं उन्हें दांत व मुख की स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्रदान की इस अवसर पर आईएम ए ग्वालियर की अध्यक्ष और मिशन पिंक हेल्थ की चेयर पर्सन डॉ प्रियम्वदा भसीन ने बताया की आईएमए द्वारा पूरे प्रदेश में बालिकाओं के स्वास्थ्य पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार किया जा सके। इस अवसर पर टीम आईएमए और स्कूल प्रबंधन के सदस्य उपस्थित थे।

### दीवारों पर बॉल पेंटिग के माध्यम से प्रतिबंधित प्रचार प्रसार करने पर डॉ. प्रभाकर जैन पर लगाया 2 लाख 36 हजार रूपये का जुर्माना

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर की विज्ञापन शाखा द्वारा डॉ. प्रभाकर जैन फिल्मिस्तान टॉकीज के पास नई सडक लश्कर ग्वालयर द्वारा अवैध रूप से नगर निगम सीमांतर्गत दीवारों पर बॉल पेंटिंग के माध्यम से प्रतिबंधित प्रचार प्रसार करने पर 2 लाख 36 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया है। अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं उपायुक्त श्री सुनील चैहान एवं नोडल अधिकारी श्री केशव चैहान व सहायक नोडल अधिकारी विज्ञापन श्री संदीप शर्मा निर्देशन में राजस्व वसूली के लिये निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत डॉ. प्रभाकर जैन फिल्मिस्तान टॉकीज के पास नई सडक लश्कर ग्वालयर द्वारा अवैध रूप से नगर निगम सीमांतर्गत दीवारों पर बॉल पेंटिंग के माध्यम से प्रतिबंधित प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478